कभी भी बाधाओं को अपने आपको वह करने से न रोकने दें जो आप अपने हृदय में जानते हैं कि आपको करना चाहिए।

देश का प्रमुख दैनिक समाचार-पत्र

# जन जन जागरण

जनहित का सजग प्रहरी



Web Site: www.janjanjagran.com | भोपाल और झांसी से एक साथ प्रकाशित | भोपाल, गुरूवार 14 मई 2026 | वर्ष-35 अंक-264 पृष्ठ-08 मूल्य 3 रुपए



## ब्रीफ न्यूज

### अमूल और मदर डेयरी ने बढ़ाये दूध के दाम

**नई दिल्ली।** दुग्ध उत्पादन के दो बड़े ब्रांड अमूल और मदर डेयरी ने अपने विभिन्न उत्पादों के दामों में प्रति लीटर दो रुपये की बढ़ोतरी की है। बढ़ोतरी 14 मई से लागू होगी। इस बढ़ोतरी के बाद अब अमूल और मदर डेयरी का फुल क्रीम दूध 70 की बजाय 72 रुपये लीटर मिलेगा। वहीं कॉउ मिल्क 60 के बजाय अब 62 रुपये मिलेगा। दोनों ब्रांड ने लगभग पिछले एक साल में अपने उत्पादों की कीमत में इजाफा नहीं किया है।

### अन्नपूर्णा देवी ने श्रीलंका की मंत्री सावित्री से की मुलाकात

**नई दिल्ली।** केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने बुधवार को श्रीलंका की महिला एवं बाल विकास मंत्री सरोजा सावित्री पॉलराज से मुलाकात की। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के सम्मेलन कक्ष में आयोजित बैठक में श्रीलंका की महिला सांसद भी मौजूद रहीं। श्रीलंकाई महिला सांसदों की यह भारत यात्रा पिछले साल दिसंबर में भारत की राजकीय यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और श्रीलंकाई राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके के बीच हुई चर्चाओं के बाद हो रही है।

### प्रधानमंत्री 15-20 मई तक विदेश दौरे पर, ऊर्जा सुरक्षा, व्यापार पर रहेगा जोर

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शुक्रवार से पांच देशों के दौरे (15-20 मई तक) पर जाएंगे। इसमें संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), नीदरलैंड, स्वीडन, नॉर्वे और इटली शामिल हैं। विदेश मंत्रालय के सचिव (पश्चिम) सिबी जॉर्ज के अनुसार यह दौरा हाल ही में अंतिम रूप दिए गए भारत-ईयू मुक्त व्यापार समझौते की पृष्ठभूमि में हो रहा है। इसका मुख्य ज़ोर व्यापार, निवेश, नवाचार, हरित प्रौद्योगिकी और रणनीतिक सहयोग पर होगा।

### पश्चिम बंगाल सरकार ने कृषि उत्पादों के दूसरे राज्यों में निर्यात से हटाया प्रतिबंध

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में नई सत्तारुढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार ने पूर्ववर्ती तृणमूल कांग्रेस शासन के दौरान लगाए गए कृषि उत्पादों के दूसरे राज्यों में निर्यात पर प्रतिबंध को हटाने का फैसला किया है। मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने बुधवार को इसकी घोषणा करते हुए कहा कि आलू समेत सभी कृषि उत्पादों और पशु उत्पादों के वैध निर्यात पर अब किसी तरह की रोक नहीं रहेगी।

मुख्यमंत्री ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि इस संबंध में औपचारिक मंजूरी 18 मई को होने वाली राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में दी जाएगी।

### नागपुर एयरपोर्ट के आधुनिकीकरण को मंजूरी, पीपीपी मॉडल पर होगा विकास

**नागपुर।** नागपुर इंटरनेशनल एयरपोर्ट के विकास और आधुनिकीकरण को लेकर बुधवार को हुई केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में बड़ा फैसला लिया गया। केंद्र सरकार ने भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) की उस जमीन की लीज अवधि बढ़ाने को मंजूरी दे दी है, जो पहले मिहान इंडिया लिमिटेड (एमआईएल) को दी गई थी। इस फैसले के बाद अब नागपुर एयरपोर्ट का संचालन और विकास अगले 30 वर्षों के लिए जीएमआर ग्रुप की सहयोगी कंपनी जीएमआर नागपुर इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (जीएनआईएएल) को सौंपने का रास्ता साफ हो गया है।

# किसानों की आय, इंफ्रास्ट्रक्चर और ऊर्जा सुरक्षा को मिलेगी मजबूती: मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कहा कि केंद्र सरकार किसानों की आय बढ़ाने, देश के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने और ऊर्जा सुरक्षा को नई ताकत देने के लिए लगातार बड़े फैसले ले रही है। प्रधानमंत्री ने कैबिनेट द्वारा लिए गए चार प्रमुख निर्णयों पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि ये फैसले देश में विकास, निवेश और रोजगार के नए अवसर पैदा करेंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में बुधवार को कुल 3,18,165 करोड़ रुपये के चार बड़े फैसलों को मंजूरी दी गई। इनमें खरीफ फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में वृद्धि, नागपुर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के उन्नयन, कोल गैसीफिकेशन परियोजनाओं को बढ़ावा और अहमदाबाद (सरखेज)-धोलेरा सेमी हाईस्पीड डबल रेल लाइन परियोजना शामिल हैं। मोदी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा कि देशभर के किसान भाई-बहनों के हितों की रक्षा और उनकी



आय में वृद्धि के लिए हम निरंतर महत्वपूर्ण निर्णय ले रहे हैं। इसी दिशा में हमारी सरकार ने वर्ष 2026-27 के मार्केटिंग सीजन के लिए खरीफ फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य यानि एमएसपी में बढ़ोतरी को मंजूरी दी है। उन्होंने कहा कि इस फैसले से देश के करोड़ों अन्नदाताओं को उनकी उपज का उचित और लाभकारी मूल्य मिलेगा तथा उनके जीवन में खुशहाली आएगी।

प्रधानमंत्री ने नागपुर एयरपोर्ट से जुड़े फैसले को शहर के बुनियादी ढांचे के लिए बड़ा प्रोत्साहन बताते हुए कहा कि इससे नागपुर एक प्रमुख एविएशन और कार्गो हब के रूप में तेजी से उभरेगा। उन्होंने कहा कि इससे संपर्क व्यवस्था मजबूत होगी, व्यापार को बढ़ावा मिलेगा और विकास के नए अवसर पैदा होंगे।

मोदी ने अहमदाबाद (सरखेज)-धोलेरा सेमी हाईस्पीड डबल लाइन परियोजना को भारत के रेल आधुनिकीकरण की दिशा में ऐतिहासिक कदम बताया। उन्होंने कहा कि स्वदेशी तकनीक पर आधारित यह देश की पहली सेमी हाईस्पीड रेल परियोजना होगी, जिससे गुजरात में कनेक्टिविटी बेहतर होगी, यात्रा समय कम होगा और धोलेरा को भविष्य उन्मुख औद्योगिक केंद्र के रूप में मजबूती मिलेगी। इस परियोजना की लागत करीब 20,665 करोड़ रुपये आंकी गई है।

प्रधानमंत्री ने सतही कोयला एवं लिग्नाइट गैसीफिकेशन परियोजनाओं को बढ़ावा देने संबंधी 37,500 करोड़ रुपये की योजना को ऊर्जा सुरक्षा मजबूत करने वाला कदम बताया। उन्होंने कहा कि इससे निवेश बढ़ेगा, युवाओं के लिए रोजगार के अवसर पैदा होंगे और प्रौद्योगिकी तथा नवाचार को बढ़ावा मिलेगा।

## माता और बहनों का सम्मान सर्वोपरि: मुख्यमंत्री डॉ. यादव




**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश सरकार के लिये माताओं और बहनों का सम्मान सर्वोपरि है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना मातृ शक्ति के कल्याण के लिये प्रदेश शासन द्वारा संचालित सबसे बड़ी योजनाओं में से एक है। आज यहाँ पर रक्षाबंधन, भाईदूज और दीवाली सहित सभी त्यौहार एक साथ मनाने का अवसर मिल रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव नरसिंहपुर जिले के ग्राम मुंगवानी में आयोजित मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना की 36वीं किस्त के राशि अन्तरण और हितलाभ वितरण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने प्रदेश की 1.25 करोड़ लाड़ली बहनों के खातों में 1835 करोड़ रुपये की राशि अंतरित की। साथ ही मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 296 करोड़ रुपये लागत के 40 विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमि-पूजन किया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना महिलाओं को आर्थिक संबल देने के साथ ही उन्हें सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। अब तक योजना में 55 हजार करोड़ रुपये से अधिक की राशि लाड़ली बहनों के खातों में अंतरित की जा चुकी है।

## सीबीएसई 12वीं का परिणाम घोषित, 85.20 प्रतिशत विद्यार्थी पास, लड़कियों ने फिर मारी बाजी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने बुधवार को 12वीं कक्षा का परिणाम घोषित कर दिया। इस वर्ष कुल 85.20 प्रतिशत विद्यार्थी परीक्षा में सफल रहे, जो पिछले साल के मुकाबले 3.19 प्रतिशत कम है। परीक्षा परिणाम में लड़कियों का प्रदर्शन लड़कों से बेहतर रहा है।

बोर्ड द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, इस वर्ष 17,80,365 विद्यार्थियों ने पंजीकरण कराया था, जिनमें से 17,68,818 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए। इनमें 15,07,109 विद्यार्थी सफल



घोषित किए गए। पास प्रतिशत में 3.19 प्रतिशत की कमी आई, जो 2025 के 88.39 प्रतिशत से घटकर 2026 में 85.20 प्रतिशत हो गया।

सीबीएसई के अनुसार लड़कियों का पास प्रतिशत 88.86 रहा, जबकि लड़कों का उत्तीर्ण प्रतिशत 82.13 प्रतिशत दर्ज किया गया। इस तरह लड़कियों ने लड़कों से 6.73 प्रतिशत बेहतर प्रदर्शन किया।

क्षेत्रवार प्रदर्शन में त्रिवेंद्रम क्षेत्र सबसे आगे रहा, जहां 95.62 प्रतिशत विद्यार्थी सफल हुए। इसके बाद चेन्नई, बेंगलुरु और विजयवाड़ा क्षेत्र का स्थान रहा। दिल्ली पश्चिम क्षेत्र का परिणाम 92.34 प्रतिशत और दिल्ली पूर्व क्षेत्र का परिणाम 91.73 प्रतिशत रहा। ओवरऑल दिल्ली क्षेत्र का पास प्रतिशत 91.97 प्रतिशत दर्ज किया गया जबकि प्रयागराज में सबसे कम 72.43 प्रतिशत पास प्रतिशत रहा।

विदेश स्थित सीबीएसई स्कूलों का परिणाम 90.50 प्रतिशत रहा।

## सूरत की कपड़ा फैक्टरी से 91 बाल मजदूर मुक्त, सात वर्ष तक के बच्चे भी शामिल

**सूरत।** सूरत में बाल मजदूरी और मानव तस्करी के खिलाफ प्रशासन, पुलिस और सामाजिक संगठनों की संयुक्त कार्रवाई में बड़ी सफलता मिली। शहर की एक कपड़ा फैक्टरी में छापा मारकर 91 बाल मजदूरों को मुक्त कराया गया, जिनमें सबसे छोटा बच्चा मात्र 7 साल का है। बच्चों से बेहद कम पैसों में लंबे समय तक काम कराया जा रहा था। कार्रवाई की भनक लगते ही फैक्टरी संचालक और ट्रैफिकिंग से जुड़े आरोपित मौके से फरार हो गए।

मुक्त कराए गए बच्चों में अधिकांश राजस्थान के जनजातीय क्षेत्रों से लाए गए थे जबकि कुछ बच्चे उत्तर प्रदेश, झारखंड और बिहार के बताए जा रहे हैं। सभी बच्चों को बाल कल्याण समिति (सीडब्यूसी) के समक्ष पेश किया गया है। मामले में कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

यह कार्रवाई गायत्री सेवा संस्थान




(जीसीसी) की सूचना और निगरानी के आधार पर की गई। संस्था पिछले करीब एक महीने से फैक्टरी पर नजर रखे हुए थी। बच्चों की मौजूदगी की पुष्टि होने के बाद राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर), एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट, राजस्थान पुलिस, सूरत पुलिस और सामाजिक संगठन एसोसिएशन फॉर वालंटरी एक्शन (एविए) के साथ संयुक्त छापा मारा गया।

## चोरी कर बाहर ले जाई गई 653 मूर्तियां व वस्तुएं प्रधानमंत्री मोदी के अभियान से वापस आईं: गजेन्द्र सिंह शेखावत

**नई दिल्ली।** केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने बुधवार को कहा कि भारत की प्राचीन और ऐतिहासिक महत्व की मूर्तियां केवल कला की वस्तुएं नहीं हैं बल्कि हमारी हजारों वर्षों की सभ्यता की निरंतरता का जीवंत प्रतीक हैं। गजेंद्र शेखावत ने संस्कृति मंत्रालय द्वारा देश की बहुमूल्य और खोई हुई सांस्कृतिक विरासत की सफल वापसी के उपलक्ष्य में दिल्ली स्थित राष्ट्रीय संग्रहालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन के दौरान यह बात कही।

गजेन्द्र सिंह शेखावत ने कहा यह भारत की विरासत को पुन:



प्राप्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने भारत की सांस्कृतिक विरासत की वापसी को लेकर महत्वपूर्ण उपलब्धियां साझा करते हुए बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चलाए जा रहे %विरासत संरक्षण% अभियान के तहत अब तक कुल 666 प्राचीन कलाकृतियाँ भारत वापस लाई जा चुकी हैं। विशेष बात यह है कि इनमें से 653 वस्तुएं अकेले वर्ष 2014 के बाद स्वदेश लौटी हैं। जबकि 1972 से 2014 के बीच केवल 13 पुरावस्तुएं भारत लाई जा सकी थीं।

मंत्री ने कहा, हम अपनी सभ्यता की निरंतरता के इन जीवित प्रतीकों को घर वापस लाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। भारत सरकार अपने कूटनीतिक प्रयासों से हर उस धरोहर को वापस लाएगी, जो गलत तरीके से देश से बाहर गई है। अमेरिकी एजेंसियों ने 657 अन्य कलाकृतियां भी जब्त की हैं, जिन्हें भारतीय दूतावास को सौंप दिया गया है। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण जल्द ही इनका परीक्षण और मूल्यांकन कर इन्हें प्रदर्शित करेगा।

शेखावत ने बताया कि कल रात 11 बजे अमेरिका से दो महत्वपूर्ण मूर्तियां भारत पहुँचीं। इनमें चोल काल (12वीं सदी) की सोमस्कंद की मूर्ति और विजयनगर काल (16वीं सदी) की संत सुरिंदर और पारवई की कांस्य प्रतिमा शामिल है। कुल 11 मूर्तियां ऑस्ट्रेलिया से प्राप्त हुई हैं, जिनमें नेशनल गैलरी ऑफ ऑस्ट्रेलिया से 8 और आर्ट गैलरी ऑफ न्यू साउथ वेल्स से 3 मूर्तियां शामिल हैं।

## अरुणाचल में तस्करी का भंडाफोड़, 1.20 करोड़ की गैंडे के सींग समेत चार गिरफ्तार

**ईटानगर।** अरुणाचल प्रदेश के पापुम पारे जिले के होलोंगी क्षेत्र में वन विभाग और बालिजान पुलिस की संयुक्त अभियान चलाया।बालिजान पुलिस और होलोंगी वन अधिकारियों की संयुक्त कार्रवाई में संदिग्ध गैंडे के सींग की तस्करी में शामिल चार लोगों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने आरोपितों के कब्जे से एक संदिग्ध गैंडे का सींग भी बरामद किया है, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 1.20 करोड़ बताई जा रही है।

होलोंगी वन अधिकारी नबम राकेश ने बुधवार को बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि कुछ तस्कर गैंडे के संदिग्ध सींग को बेचने की योजना बना रहे हैं। सूचना के आधार पर अधिकारियों ने ग्राहक बनकर तस्करों से संपर्क किया और असम-अरुणाचल सीमा क्षेत्र के होलोंगी में मिलने की योजना बनाई। उन्होंने बताया कि पहली बैठक सफल नहीं हो सकी, लेकिन दूसरी बैठक 12 मई को होलोंगी नदी क्षेत्र में तय की गई। इस दौरान अधिकारियों ने दो लोगों को हिरासत में लिया। उनकी निशानदेही पर मुख्य तस्कर के घर में तलाशी अभियान चलाया गया।

## विधानसभा चुनाव 2021 के हिंसा मामलों की फिर होगी जांच, शुभेंदु ने दिए केस दोबारा खोलने के निर्देश

**कोलकाता।** मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी के नेतृत्व वाली पश्चिम बंगाल की भाजपा सरकार ने 2021 विधानसभा चुनाव के बाद हुई हिंसा से जुड़े मामलों की दोबारा समीक्षा और जांच कराने का निर्देश दिया है। राज्य सरकार ने इस संबंध में सभी संबंधित पुलिस अधिकारियों को आदेश जारी किया है।

राज्य सरकार के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बुधवार को बताया कि अवैध पशु तस्करी के खिलाफ भी सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं।

सरकारी आदेश में कहा गया है कि चुनाव बाद हिंसा से जुड़े मामलों की जांच को लेकर गंभीर शिकायतें मिली हैं। आदेश में कहा गया, 2021 विधानसभा चुनाव के बाद आपके अधिकार क्षेत्र में दर्ज राजनीतिक हिंसा के पुराने मामलों की



उचित कानूनी कार्रवाई के लिए समीक्षा की जाए।

सरकार ने निर्देश दिया है कि 2021 चुनाव बाद हिंसा मामलों में दाखिल अंतिम रिपोर्टों की सावधानीपूर्वक जांच की जाए और जहां जांच में किसी प्रकार की लापरवाही या कमी पाई जाए, वहां मामलों को दोबारा खोलकर विस्तृत जांच की जाए।

आदेश में यह भी कहा गया है कि जिन मामलों में प्राथमिकी दर्ज नहीं हुई थी, लेकिन प्रारंभिक जांच में संज्ञेय अपराध सामने आते हैं, वहां नए मामले दर्ज किए जा सकते हैं।

सभी जिलों के पुलिस अधीक्षकों और पुलिस आयुक्तों को इस पूरी प्रक्रिया की व्यक्तिगत निगरानी करने का निर्देश दिया गया है। साथ ही आरोपपत्र दाखिल होने के बाद मुकदमों की नियमित निगरानी करने को भी कहा गया है।

उल्लेखनीय है कि, 2021 विधानसभा चुनाव में अखिल भारतीय तृणमूल कांग्रेस की जीत के बाद राज्य के विभिन्न हिस्सों में व्यापक हिंसा की घटनाएं सामने आई थीं। भाजपा ने उस चुनाव में 77 सीटें जीतकर मुख्य विपक्षी दल का दर्जा हासिल किया था। वर्ष 2016 में पार्टी के पास केवल तीन सीटें थीं।

### सपा प्रमुख अखिलेश के छोटे भाई प्रतीक का निधन, मुख्यमंत्री योगी समेत तमाम राजनेताओं ने आवास पर पहुंच कर दी श्रद्धांजलि

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के भाई प्रतीक यादव (38 वर्ष) का आज बुधवार सुबह निधन हो गया। पुलिस ने शव का किंग जार्ज मेडिकल कॉलेज में पोस्टमार्टम करायाद्य डॉक्टरों ने मौत की वजह कार्डियेक अरेस्ट बताया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में शरीर में किसी प्रकार का चोट का निशान नहीं है और आगे की जांच के लिए विसरा सुरक्षित रख लिया गया है। प्रतीक के निधन की खबर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव समेत तमाम राजनेताओं ने उनके आवास पर पहुंचकर श्रद्धांजलि दी और परिवार को ढांढस बंधाया। प्रतीक यादव की पत्नी अपर्णा यादव भाजपानेत्री के साथ साथ उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष हैं और घटना के समय वे प्रदेश से बाहर थीं। वे भी दोपहर बाद आवास पहुंची। प्रतीक का अंतिम संस्कार कल लखनऊ में होगा।

# ग्लोबल सिनेमा के पर्दे पर चमकेगा मध्य प्रदेश, 80 से अधिक देशों में दिखेगी प्रदेश की संस्कृति और विरासत

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के ग्रामीण पर्यटन और समृद्ध सांस्कृतिक वैभव को अब वैश्विक मंच पर एक नई और विशिष्ट पहचान मिलने जा रही है। अंतरराष्ट्रीय टेलीविजन सीरीज रूरल टूरिज्म ऑफ द वर्ल्ड के जरिए ग्लोबल सिनेमा के पर्दे पर मध्य प्रदेश के ग्रामीण-प्राकृतिक वैभव और अध्यात्म का संगम देखने को मिलेगा। दरअसल स्पेन के प्रतिष्ठित प्रोडक्शन हाउस 'कलर्स कम्युनिकेशन ग्रुप' द्वारा निर्मित अंतरराष्ट्रीय टेलीविजन सीरीज फ्ररूरल टूरिज्म ऑफ द वर्ल्डफ्र की शूटिंग मध्य प्रदेश के विभिन्न पर्यटन अंचलों में हुई। इस गौरवशाली पहल से मध्य प्रदेश की अनूठी जीवन शैली और पर्यटन स्थलों का प्रदर्शन दुनिया के 80 से अधिक देशों में किया जाएगा, जिससे राज्य की पर्यटन संभावनाओं को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नई उड़ान मिलेगी।

### स्पेन में हुए एमओयू के मिल रहे सुखद परिणाम

जनसम्पर्क अधिकारी अनुराग



उईके के अनुसार, यह महत्वपूर्ण उपलब्धि इसी वर्ष जनवरी-2026 में स्पेन में आयोजित अंतरराष्ट्रीय पर्यटन मेले %फितूर मैड्रिड 2026% के दौरान हुए रणनीतिक समझौतों का परिणाम है। पर्यटन बोर्ड के प्रबंध संचालक डॉ. इलैया राजा टी. और अपर प्रबंध संचालक अभय अरविंद बेडेकर के मार्गदर्शन में प्रदेश को एक फिल्म फ्रेंडली डेस्टिनेशन के रूप में वैश्विक पटल पर प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया गया है। इस सीरीज़ में न केवल ग्रामीण संस्कृति, बल्कि सांची स्तूप, भीमबेटका की गुफाएं, सतपुड़ा नेशनल पार्क और उज्जैन के श्री महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग जैसी ऐतिहासिक एवं आध्यात्मिक धरोहरों को भी शामिल किया गया है।

### सावरवानी, धूसावानी, चिमटीपुर और तामिया की जनजातीय परंपरा का हुआ फिल्मांकन

अंतरराष्ट्रीय प्रोजेक्ट के तहत मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा जिले की नैसर्गिक सुंदरता और यहां की जीवंत जनजातीय संस्कृति ने स्पेनिश फिल्म क्रू को गहराई से प्रभावित किया है। टीम ने जिले के सावरवानी, धूसावानी, चिमटीपुर और तामिया क्षेत्र में प्रवास कर ग्रामीण जीवन, स्थानीय परंपराओं और पातालकोट की विशिष्ट जीवन शैली को कैमरे में कैद किया। विशेष रूप से पातालकोट में संपन्न जनजातीय विवाह की पारंपरिक रस्मों और प्राकृतिक सौंदर्य का फिल्मांकन किया गया है।

### मध्य प्रदेश बनेगा ग्लोबल फिल्मिंग हब

छिंदवाड़ा कलेक्टर हरेंद्र नारायन ने बताया कि इस वैश्विक पहल से न केवल मध्य प्रदेश की अंतरराष्ट्रीय ब्रांडिंग सुदृढ़ होगी, बल्कि स्थानीय स्तर पर रोजगार, होमस्टे और हस्तशिल्प जैसी गतिविधियों को भी भारी प्रोत्साहन मिलेगा। जिला प्रशासन के समन्वय से संपन्न हुई यह शूटिंग राज्य को विश्व सिनेमा के मानचित्र पर एक जीवंत और सांस्कृतिक कैनवास के रूप में स्थापित करने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी। आने वाले समय में ऐसे अंतरराष्ट्रीय प्रोजेक्ट्स से मध्य प्रदेश का पर्यटन क्षेत्र नई ऊंचाइयों को छुएगा और स्थानीय अर्थव्यवस्था को नई मजबूती प्रदान करेगा।

## ब्रीफ न्यूज

### ऑक्शन में प्रारंभिक न्यूनतम दर की तुलना में 35 प्रतिशत कम दर हुई प्राप्त-मंत्री शुक्ला

**भोपाल।** नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री श्री राकेश शुक्ला ने बताया है कि बुधवार 13 मई को प्रदेश में पहली बार सौर ऊर्जा के क्षेत्र में ई-रिवर्स ऑक्शन हुई है। उन्होंने बताया है कि रीवा अल्ट्रा मेगा सोलर लिमिटेड (आरयूएमएसएल) द्वारा राज्य के विभिन्न सोलर पार्कों की आंतरिक विद्युत निकासी प्रणाली (उपकेन्द्र एवं उनसे संबंधित ट्रांसमिशन लाइनों) के संचालन एवं संधारण कार्य के लिये प्रदेश में पहली बार सफलतापूर्वक ई-रिवर्स ऑक्शन हुई। मंत्री श्री शुक्ला ने बताया कि ऑक्शन में प्रारंभिक न्यूनतम दर (वर्तमान प्रक्रिया) की तुलना में लगभग 35 प्रतिशत कम दर प्राप्त हुई है।

मंत्री श्री शुक्ला ने बताया कि यह कार्य आरयूएमएसएल द्वारा विकसित सोलर पार्कों के 33/220 केवी पूलिंग सब-स्टेशनों, संबद्ध 220 केवी ट्रांसमिशन लाइनों, सुरक्षा व्यवस्था, रख-रखाव तथा संपूर्ण आंतरिक विद्युत निकासी अवसंरचना के संचालन एवं संधारण से संबंधित है। इस परियोजना के अंतर्गत लगभग 1930 एमवीए क्षमता के पूलिंग सब-स्टेशनों तथा लगभग 171 किलोमीटर लंबी 220 केवी ट्रांसमिशन लाइनों का संचालन एवं रख-रखाव किया जाएगा।

मंत्री श्री शुक्ला ने बताया कि तकनीकी मूल्यांकन के बाद वित्तीय बोली में प्राप्त प्रारंभिक न्यूनतम दर (बेस्ट कोट/एल-1 रेट) रुपये 1,34,93,280.97 थी। इसके आधार पर ई-रिवर्स ऑक्शन हुई, जो लगभग 3 घंटे तक चली। प्रतिस्पर्धात्मक बोली प्रक्रिया के परिणामस्वरूप अंतिम दर घटकर रुपये 88,43,280.97 प्राप्त हुई, जो प्रारंभिक एल-1 दर की तुलना में लगभग 35 प्रतिशत कम है।

### विपणन वर्ष 2026-27 के लिए 14 खरीफ फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य में वृद्धि को केंद्र सरकार ने दी मंजूरी

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का विपणन सत्र 2026-27 के लिए 14 खरीफ फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य में वृद्धि के लिए आभार माना है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में किसानों के हित में लगातार निर्णय लिए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री श्री मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को हुई आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडल समिति ने 14 खरीफ फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य में वृद्धि को स्वीकृति दी है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के इस निर्णय से अन्नदाता किसानों की आय ब?ाने और कृषि क्षेत्र को सशक्त बनाने में मदद मिलेगी। केंद्र सरकार ने किसानों के हित संवर्धन के लिए ठोस कदम उठाए हैं। मध्यप्रदेश के किसान इन सभी प्रावधानों का लाभ प्राप्त करेंगे।

मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश में वर्ष 2026 में किसान कल्याण वर्ष के अंतर्गत अनेक गतिविधियों आयोजित की जा रही हैं। प्रत्येक माह किसानों के कल्याण के लिए उन्नत यंत्रों की प्रदर्शनियां, किसान हितैषी योजनाओं के क्रियान्वयन के साथ ही किसानों को नई कृषि तकनीक के प्रशिक्षण का लाभ दिलवाया जा रहा है। केंद्र सरकार द्वारा फसलों के न्यूनत समर्थन मूल्य में वृद्धि किए जाने से मध्यप्रदेश और देश के किसान प्रत्यक्ष तौर पर लाभान्वित होंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश श्री अन्न उत्पादन में आगे है। इस नाते प्रदेश के रागी, मक्का,ज्वार और बाजरा उत्पादक किसानों को इस फैसले से विशेष लाभ होगा।

### 7 लाख 45 हजार 130 स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं को मिली बड़ी राहत

**भोपाल।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के कार्यक्षेत्र के भोपाल, नर्मदापुरम, ग्वालियर एवं चंबल संभाग अंतर्गत आने वाले 16 जिलों के स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं के लिए अप्रैल का महीना राहत लेकर आया है। कंपनी द्वारा स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं को %टाइम ऑफ डे% (ज्ञश्ष्ठ) टैरिफ व्यवस्था के तहत सोलर ऑवर (सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक) में बिजली की खपत पर 20 प्रतिशत की विशेष छूट प्रदान की गई है। इस %टाइम ऑफ डे% (ज्ञश्ष्ठ) टैरिफ व्यवस्था के तहत कंपनी कार्यक्षेत्र में कुल 7 लाख 45 हजार 130 उपभोक्ताओं को अप्रैल माह के बिजली बिल में 04 लाख 99 हजार 64 हजार रुपये की छूट का सीधा लाभ मिला है। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध संचालक ॠषि गर्ग ने उपभोक्ताओं से अपील की है।

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव राज्य मंत्री जायसवाल के पुत्र के विवाह समारोह में हुए शामिल

### अभिशंख एवं स्तुति जायसवाल के परिणय अवसर पर दिया शुभाशीष



**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिलीप जायसवाल के सुपुत्र अभिशंख जायसवाल एवं पुत्रवधू स्तुति जायसवाल के पावन वैवाहिक बंधन मांगलिक अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं एवं मंगल आशीष प्रदान किया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने ईश्वर से नवदंपति के सुखमय, समृद्ध एवं आनंदपूर्ण दाम्पत्य जीवन की कामना करते हुए कहा कि यह नवीन जीवन यात्रा प्रेम, विश्वास, सम्मान और अटूट साथ के पवित्र सूत्र से सदैव सुसज्जित रहे। उनके जीवन में सुख, शांति, वैभव, उत्तम स्वास्थ्य और उन्नति का प्रकाश निरंतर बना रहे तथा परिवार का आंगन सदैव खुशियों, सौभाग्य और मधुर संबंधों की सुगंध से महकता रहे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव बिजुरी में आयोजित वैवाहिक समारोह में सम्मिलित हुए और नवविवाहित दंपति को अपने स्नेहिल आशीर्वचनों से अभिसिंचित कर उज्ज्वल एवं मंगलमय भविष्य की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने राज्यमंत्री श्री जायसवाल एवं उनके परिवारजन से आत्मीय भेंट कर इस सुखद अवसर की खुशियां साझा कीं। इस अवसर पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों एवं अतिथियों से भी मुख्यमंत्री ने आत्मीय चर्चा की।

इस अवसर पर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती सम्पतिया उइके, शहडोल संसदीय क्षेत्र की सांसद श्रीमती हिमाद्री सिंह, मंडला सांसद श्री फग्गन सिंह कुलस्ते, वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री तथा अनूपपुर जिले के प्रभारी मंत्री श्री दिलीप अहिरवार, विधायक एवं पूर्व मंत्री श्री बिसाहूलाल सिंह, विधायक जैतपुर श्री जयसिंह मरावी, विधायक जयसिंहनगर श्रीमती मनीषा सिंह, कलेक्टर श्री हर्षल पंचोली, उपाध्यक्ष जिला पंचायत अनूपपुर श्रीमती पार्वती राठौर, जिला पंचायत सदस्य भारती केवट नर्मदा सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

## आई.डी.बी.आई. बैंक द्वारा दो बोलेरो कैम्पर वाहन का प्रदाय एवं बाघ का किया अंगीकरण




**भोपाल।** वन विहार राष्ट्रीय उद्यान भोपाल में वन्यप्राणी अंगीकरण योजना 01 जनवरी 2009 को प्रारंभ की गई थी। इस योजना अंतर्गत आई.डी.बी.आई. बैंक भोपाल ने पर्यावरण तथा वन्यप्राणियों के संरक्षण के प्रति प्रेम की ओर अपनी प्रतिबद्धता प्रदर्शित की। बैंक द्वारा मांसाहारी एवं शाकाहारी वन्यप्राणियों को भोजन प्रदाय के लिये 2 बोलेरो कैम्पर वाहन प्रदाय किये गये एवं एक नर बाघ %बाजीराव% को एक वर्ष के लिये गोद लिया।

आई.डी.बी.आई बैंक से महाप्रबंधक क्षेत्रीय कार्यालय भोपाल श्री महेश चन्द्र कारी, उप महाप्रबंधक क्षेत्रीय कार्यालय भोपाल श्री राजेश अग्रवाल, सहायक महाप्रबंधक क्षेत्रीय कार्यालय भोपाल श्री अचल जैन, सहायक महाप्रबंधक आंचलिक कार्यालय भोपाल श्री ब्लेसियन डेनियल, प्रबंधक, आंचलिक कार्यालय भोपाल श्री आदित्य अग्रवाल द्वारा सीएसआर अंतर्गत वन विहार राष्ट्रीय उद्यान के संचालक श्री विजय कुमार को 2 बोलेरो कैम्पर वाहन की चाबी प्रदाय की गई एवं नर बाघ %बाजीराव को एक वर्ष के लिये अंगीकरण लिया गया। इस अवसर पर सहायक संचालक वन विहार डॉ. रूही हक एवं इकाई प्रभारी पर्यटन श्री के.एन शर्मा भी उपस्थित रहे। संचालक वन विहार द्वारा आईडीबीआई बैंक के अधिकारियों को अंगीकरण सम्बधी प्रमाण-पत्र प्रदाय किया। इस योजना में अब तक 107 वन्यप्राणियों को गोद लिया जा चुका है।

# कौशल विकास गतिविधियों की सतत मॉनिटरिंग से युवाओं को मिलेगा बेहतर प्रशिक्षण और रोजगार: मंत्री टेटवाल

### जीएसपी से ट्राइडेंट में 12 लाख के पैकेज पर प्लेसमेंट होना गर्व की बात

### निर्माण कार्यों की प्रगति की हर माह होगी समीक्षा

### कौशलम संवाद में प्रशिक्षणार्थियों की उपलब्धियों और नवाचारों ने किया प्रभावित



**भोपाल।** कौशल विकास एवं रोजगार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री गौतम टेटवाल ने कहा कि प्रदेश में कौशल विकास गतिविधियों को अधिक प्रभावी, परिणाममुखी और उद्योगों की आवश्यकता के अनुरूप विकसित किया जा रहा है। युवाओं को गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण के साथ बेहतर रोजगार अवसर उपलब्ध कराना राज्य शासन की प्राथमिकता है। विभाग के वरिष्ठ अधिकारी कौशल विकास गतिविधियों की नियमित रूप से मॉनिटरिंग करें। मंत्री श्री टेटवाल बुधवार को भोपाल स्थित संत शिरोमणि रविदास ग्लोबल स्किल पार्क में आयोजित विभागीय समीक्षा बैठक एवं कौशलम संवाद कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

#### निर्माण कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग के निर्देश

समीक्षा बैठक में विभाग द्वारा संचालित योजनाओं, निर्माण कार्यों तथा उनकी भौतिक एवं वित्तीय प्रगति की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की गई। मंत्री श्री टेटवाल ने निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए विभाग स्तर पर मॉनिटरिंग टीम गठित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मैं निर्माण कार्यों की प्रति माह नियमित समीक्षा करूंगा।

मंत्री श्री टेटवाल ने निर्माण कार्यों की नियमित निगरानी के लिए प्रभावी एसओपी तैयार करने तथा राज्य स्तरीय टीम द्वारा प्रत्येक माह भौतिक निरीक्षण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि निर्माण कार्यों में अनावश्यक विलंब स्वीकार नहीं किया जाएगा और लापरवाही पाए जाने पर संबंधित एजेंसियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

#### कौशलम संवाद में साझा हुए सफलता और नवाचार के अनुभव

कौशलम संवाद कार्यक्रम में विभागीय अधिकारियों, पूरे प्रदेश की आईटीआई एवं ग्लोबल स्किल्स पार्क के प्रशिक्षण अधिकारियों, प्रशिक्षणार्थियों और पूर्व प्रशिक्षणार्थियों ने वर्चुअली सहभागिता कर मंत्री श्री टेटवाल से अपने अनुभव और सफलता साझा की।

कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षणार्थियों एवं प्रशिक्षण अधिकारियों ने विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों, सफल प्लेसमेंट, राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय उपलब्धियों तथा नवाचार आधारित पहलों की जानकारी साझा की। संवाद में उद्योगों की आवश्यकता के अनुरूप प्रशिक्षण, 100 प्रतिशत प्लेसमेंट प्राप्त ट्रेड्स, ड्रोन टेक्नोलॉजी प्रशिक्षण, अंतर्राष्ट्रीय रोजगार अवसर तथा नवाचार आधारित परियोजनाओं को विशेष रूप से प्रस्तुत किया गया।

# न्यूजीलैंड के विशेषज्ञों ने साझा की शहद प्रसंस्करण और विपणन की आधुनिक तकनीकें

### वनधन संवाद कार्यशाला में मध्यप्रदेश के वनधन केंद्रों के प्रतिनिधियों को दिया प्रशिक्षण



**भोपाल।** मध्यप्रदेश राज्य लघु वनोपज संघ की उत्पादन इकाई लघु वनोपज प्रसंस्करण एवं अनुसंधान केंद्र, बरखेड़ा पठानी, भोपाल में आयोजित 'वनधन संवाद' कार्यशाला में न्यूजीलैंड से आए विशेषज्ञों ने शहद संग्रहण, प्रसंस्करण और विपणन की आधुनिक तकनीकों पर विस्तृत जानकारी साझा की। कार्यशाला का उद्देश्य वन समितियों और वनधन केंद्रों को शहद संग्रहण, ऑर्गेनिक सर्टिफिकेशन, गुणवत्ता नियंत्रण, पैकेजिंग एवं मार्केटिंग की उन्नत तकनीकों से जोड़ना तथा मध्यप्रदेश के शहद को वैश्विक बाजार में नई पहचान दिलाना है।

कार्यशाला में न्यूजीलैंड के प्रतिनिधिमंडल के सदस्य श्री ईशान जयवर्धने, श्री बायरन पीटर टेलर एवं सुश्री प्रियम अरोरा ने सहभागिता करते हुए वनधन विकास केंद्रों के प्रतिनिधियों को शहद उत्पादन की उत्कृष्ट पद्धतियों, गुणवत्ता नियंत्रण तथा वैश्विक मानकों के अनुरूप प्रसंस्करण तकनीकों से अवगत कराया। विशेषज्ञों ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से अपने अनुभव साझा किए और बताया कि वैज्ञानिक तरीकों एवं आधुनिक प्रबंधन से शहद उत्पादन को अंतर्राष्ट्रीय बाजार तक पहुंचाया जा सकता है।

कार्यशाला में मध्यप्रदेश राज्य लघु वनोपज संघ की प्रबंध संचालक श्रीमती कमलिका मोहंता ने वनधन केंद्रों एवं वन समितियों को सशक्त बनाने पर बल देते हुए शहद के ऑर्गेनिक सर्टिफिकेशन और निर्यात को बढ़ावा देने की आवश्यकता जताई। उन्होंने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय विशेषज्ञों के अनुभवों से प्रदेश के वनधन केंद्रों को नई दिशा मिलेगी।

न्यूजीलैंड से आये प्रतिनिधिमंडल ने एमएफपी पार्क की प्रयोगशाला तथा शहद प्रसंस्करण इकाई का भ्रमण भी किया और वहां संचालित व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। कार्यशाला में ट्रायफेड, एपीडा तथा विश्व बैंक के प्रतिनिधियों सहित प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए वन विभाग के अधिकारियों एवं वनधन केंद्रों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

# भोपाल में रेलवे ट्रैक पर युवक की मौत, परिवार ने लगाया हत्या का आरोप

### रचना नगर अंडरब्रिज के पास मिला शव, मां बोली- पड़ोसी ने ट्रेन के सामने धक्का दिया



भोपाल के रचना नगर अंडरब्रिज के ऊपर रेलवे ट्रैक पर एक युवक की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। मृतक की पहचान अशोक बामने निवासी गौतम नगर जनता क्वार्टर के रूप में हुई है। घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई।

मामला गोविंदपुरा थाना क्षेत्र का है। बुधवार सुबह रेलवे ट्रैक पर युवक का शव मिलने की सूचना पुलिस को मिली थी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया।

#### मां ने पड़ोसी पर लगाए गंभीर आरोप

मृतक की मां कृष्णा बामने ने पड़ोसी पर बेटे की हत्या का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि मंगलवार रात किसी लड़की को लेकर पड़ोसी से विवाद हुआ था। उस समय अशोक नशे की हालत में था।

परिजनों के मुताबिक विवाद के बाद पड़ोसी देर रात घर में घुस आया और अशोक समेत चारों भाइयों के साथ लाठी-डंडों से मारपीट की।

मां का आरोप है कि मारपीट के बाद पड़ोसी उनके बेटे को जबरन रेलवे ट्रैक तक ले गया और ट्रेन के सामने धक्का दे दिया, जिससे उसकी मौत हो गई।

#### सुबह पुलिस से मिली मौत की सूचना

परिवार का कहना है कि बुधवार सुबह पुलिस की सूचना के बाद उन्हें अशोक की मौत के बारे में पता चला। अशोक अविवाहित था और मजदूरी का काम करता था।

घटना के बाद परिवार में शोक का माहौल है। परिजन मामले में हत्या का केस दर्ज करने की मांग कर रहे हैं।

#### सभी पहलुओं पर जांच

पुलिस का कहना है कि फिलहाल मामले की जांच की जा रही है। शुरुआती तौर पर युवक की मौत ट्रेन की चपेट में आने से हुई है, लेकिन परिजनों द्वारा लगाए गए आरोपों को भी गंभीरता से लिया जा रहा है।

पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है और घटनास्थल के आसपास के साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट और जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# भोपाल में प्रेग्नेंट महिला की आत्महत्या, मायके पक्ष ने लगाए प्रताड़ना के आरोप

### रिटायर्ड महिला जज की बहू ने कटारा हिल्स स्थित घर में लगाई फांसी, पति और ससुराल पर गंभीर आरोप


ट्विशा शर्मा, मृतक

**भोपाल।** कटारा हिल्स इलाके में एक गर्भवती महिला की आत्महत्या के मामले ने सनसनी फैला दी है। मृतका की पहचान 31 वर्षीय ट्विशा शर्मा के रूप में हुई है, जो मूल रूप से नोएडा की रहने वाली थी। ट्विशा ने कथित तौर पर अपने ससुराल में फांसी लगाकर जान दे दी।

मामले में मायके पक्ष ने पति और ससुराल वालों पर मानसिक प्रताड़ना और मारपीट के गंभीर आरोप लगाए हैं। परिवार का दावा है कि मृतका के हाथ और कान पर चोट के नीले निशान भी मिले हैं।

#### एक साल पहले हुई थी शादी

परिजनों के अनुसार ट्विशा की शादी करीब एक साल पहले भोपाल निवासी वकील सामर्थ शर्मा से हुई थी। सामर्थ एक रिटायर्ड महिला जज के बेटे बताए जा रहे हैं।

मृतका का भाई हर्षित शर्मा भारतीय सेना में मेजर है। उन्होंने बताया कि मंगलवार रात ट्विशा ने उन्हें फोन कर अपनी मानसिक स्थिति के बारे में बताया था।

#### भाई को फोन कर बताई थी प्रताड़ना

मेजर हर्षित शर्मा के मुताबिक ट्विशा ने फोन पर कहा था कि पिछले आठ दिनों से उसका पति लगातार मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रहा था। छोटी-छोटी बातों पर अपमानित किया जा रहा था और घर का माहौल तनावपूर्ण हो गया था।

परिवार के अनुसार ट्विशा ने कहा था कि वह भोपाल छोड़कर वापस नोएडा आना चाहती है। उसने मायके लौटने के लिए ट्रेन रिजर्वेशन भी करा लिया था, लेकिन उससे पहले ही उसकी मौत की खबर आ गई।

#### सास का फोन आया- ट्विशा नहीं रही

मायके पक्ष का आरोप है कि ट्विशा से बातचीत के कुछ समय बाद उसकी सास का फोन आया, जिसमें बताया गया कि ट्विशा ने फांसी लगा ली है और उसकी मौत हो चुकी है।

सूचना मिलने के बाद परिवार नोएडा से भोपाल पहुंचा।

#### नौकरी छोड़ने के बाद बदल गया व्यवहार

परिजनों का कहना है कि शादी के शुरुआती दिनों में सब सामान्य था, लेकिन नौकरी छोड़ने के बाद ट्विशा के साथ व्यवहार बदल गया।

भाई के अनुसार ट्विशा ने भोपाल में रहने के लिए अपनी नौकरी छोड़ी थी। यहां आने के बाद वह दूसरी नौकरी नहीं करना चाहती थी। इसी बात को लेकर पति उससे विवाद करता था और उसे नाकारा कहकर ताने दिए जाते थे।

परिवार का आरोप है कि उसकी परवरिश और परिवार को लेकर भी अपमानजनक बातें कही जाती थीं, जिससे वह डिप्रेशन में चली गई थी।

## विपणन वर्ष 2026-27 के लिए 14 खरीफ फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य में वृद्धि को केंद्र सरकार ने दी मंजूरी

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का विपणन सत्र 2026-27 के लिए 14 खरीफ फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य में वृद्धि के लिए आभार माना है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में किसानों के हित में लगातार निर्णय लिए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री श्री मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को हुई आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडल समिति ने 14 खरीफ फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य में वृद्धि को स्वीकृति दी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के इस निर्णय से अन्नदाता किसानों की आय ब?ाने और कृषि क्षेत्र को सशक्त बनाने में मदद मिलेगी। केंद्र सरकार ने किसानों के हित संवर्धन के लिए ठोस कदम उठाए हैं। मध्यप्रदेश के किसान इन सभी प्रावधानों का लाभ प्राप्त करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश में वर्ष 2026 में किसान कल्याण वर्ष के अंतर्गत अनेक गतिविधियों आयोजित की जा रही हैं। प्रत्येक माह किसानों के कल्याण के लिए उन्नत यंत्रों की प्रदर्शनियां, किसान हितैषी योजनाओं के क्रियान्वयन के साथ ही किसानों को नई कृषि तकनीक के प्रशिक्षण का लाभ दिलवाया जा रहा है। केंद्र सरकार द्वारा फसलों के न्यूनत समर्थन मूल्य में वृद्धि किए जाने से मध्यप्रदेश और देश के किसान प्रत्यक्ष तौर पर लाभान्वित होंगे। केन्द्रीय मंत्रिमंडलीय समिति ने सूरजमुखी बीज के एमएसपी में सबसे अधिक 622 रुपए प्रति क्विंटल की वृद्धि के साथ कपास में 557 रुपए प्रति क्विंटल, नाइजर सीड में 515 रुपए प्रति क्विंटल और तिल में 500 रुपए प्रति क्विंटल की वृद्धि की है। उत्पादन लागत पर किसानों को अनाजों में सर्वाधिक मूंग में सबसे अधिक 61 प्रतिशत लाभ रहने का अनुमान है। इसके बाद बाजरा और मक्का में 56 प्रतिशत और अरहर में 54 प्रतिशत लाभ का अनुमान है। जहां उ?द में यह प्रतिशत 51 है, वहीं रागी, हाइब्रिड ज्वार और धान में लागत पर 50 प्रतिशत लाभ किसानों को मिलेगा।

संपादकीय

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की चेतावनी से बाजार में हड़कंप

अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ते तनाव तथा वैश्विक स्तर पर युद्ध जैसी आशंकाओं ने पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था को अस्थिर कर दिया है। भारत भी इससे अछूता नहीं है। हाल के दिनों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा संभावित आर्थिक संकट, ईंधन की बढ़ती खपत, विदेशी निर्भरता तथा घरेलू संसाधनों के संयमित उपयोग को लेकर व्यक्त चिंताओं के बाद देश के बाजारों में बेचैनी का माहौल दिखाई दे रहा है। शेयर बाजार में लगातार गिरावट, सोने और आभूषण कारोबार में चिंता तथा महंगाई को लेकर आम लोगों की आशंकाएं यह संकेत दे रही हैं कि देश आर्थिक अनिश्चितता के दौर में प्रवेश कर रहा है। भारत लंबे समय से ऊर्जा जरूरतों के लिए आयातित कच्चे तेल पर निर्भर रहा है। यदि पश्चिम एशिया में युद्ध की स्थिति गंभीर होती है, तो सबसे पहला प्रभाव तेल और गैस की कीमतों पर पड़ेगा। पहले से ही महंगे पेट्रोल-डीजल और रसोई गैस से परेशान जनता के सामने महंगाई की नई सुनामी खड़ी हो सकती है।

परिवहन लागत बढ़ने से खाद्यान्न, सब्जियों, निर्माण सामग्री और रोजमर्रा की वस्तुओं के दाम बढ़ना लगभग तय माना जाता है। यही कारण है कि प्रधानमंत्री मोदी द्वारा सोना नहीं खरीदने, पेट्रोल-डीजल की खपत कम करने, विदेश यात्राओं को रोकने और इसी के साथ ही भोजन में तेल कम से कम उपयोग करने पर जोर दिए जाने को लोग आने वाले कठिन समय की चेतावनी के रूप में देख रहे हैं। दरअसल कोरोना महामारी का अनुभव अभी भी देशवासियों की सामूहिक स्मृति में ताजा है। उस समय लॉकडाउन, बेरोजगारी, पलायन और आर्थिक ठहराव ने करोड़ों लोगों को प्रभावित किया था। यदि वर्तमान संकट की तुलना उसी दौर से की जाती है, तो स्वाभाविक रूप से लोगों में भय और असुरक्षा की भावना बढ़ती ही बढ़ती है। बाजारों की घबराहट केवल आर्थिक आंकड़ों का परिणाम नहीं होती, बल्कि मनोवैज्ञानिक प्रभाव भी उसमें बड़ी भूमिका निभाता है। निवेशकों का भरोसा कमजोर पड़ते ही शेयर बाजार गिरने लगता है और आम जनता खर्च रोककर बचत की ओर बढ़ती है। सोने की खरीद टालने की अपील ने भी बड़ा विवाद खड़ा कर दिया है। भारत में आभूषण उद्योग करोड़ों लोगों की आजीविका से जुड़ा है। यदि उपभोक्ता सोने की खरीद कम करते हैं, तो छोटे ज्वेलर्स, कारीगरों और संबंधित व्यापारों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ना तय है। यही कारण है कि व्यापारिक संगठनों में चिंता बढ़ी है। हालांकि सरकार का उद्देश्य विदेशी मुद्रा की बचत और अनावश्यक आयात कम करना हो सकता है, लेकिन ऐसे कदमों के सामाजिक और रोजगार संबंधी प्रभावों को भी नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। वर्तमान संकट का एक बड़ा पहलू विदेशी मुद्रा भंडार और व्यापार असंतुलन भी है। भारत का आयात लगातार निर्यात से अधिक रहा है। यदि तेल आयात पर खर्च बढ़ता है और विदेशी निवेशक बाजार से पैसा निकालते हैं, तो रुपये पर दबाव बढ़ना स्वाभाविक है। रिजर्व बैंक को रुपये को संभालने के लिए डॉलर बेचने पड़ सकते हैं। प्रवासी भारतीयों से आने वाली विदेशी मुद्रा में कमी और वैश्विक मंदी की आशंका इस संकट को और गंभीर बना सकती है। राजनीतिक दृष्टि से भी यह दौर सरकार के लिए चुनौतीपूर्ण साबित हो सकता है। विपक्ष पहले ही बेरोजगारी, महंगाई और आर्थिक असमानता जैसे मुद्दों पर सरकार को घेर रहा है। यदि महंगाई लगातार बढ़ती है और जनता की क्रय शक्ति घटती है, तो इसका सीधा असर राजनीतिक माहौल पर पड़ेगा। इतिहास गवाह है कि आर्थिक संकट अक्सर सामाजिक असंतोष को जन्म देता है। ऐसे समय में केवल चेतावनी देना पर्याप्त नहीं होगा। सरकार को ठोस आर्थिक रणनीति, पारदर्शी संवाद और राहत उपायों के साथ आगे आना होगा। विपक्ष को भी राजनीतिक लाभ से ऊपर उठकर रचनात्मक सहयोग की भूमिका निभानी चाहिए। देश आर्थिक चुनौतियों का सामना केवल सामूहिक विश्वास, संतुलित नीतियों और जिम्मेदार नेतृत्व से ही कर सकता है। इस तरह की चेतावनियां जारी कर जनता को डराने के बजाय भरोसा दिलाना आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है।

सनत जैन

राज काज

## महाभारत की याद दिला गया विवाद

सुप्रीम कोर्ट ने कपूर परिवार की 30,000 करोड़ रुपए की संपत्ति को लेकर चल रहे विवाद की तुलना महाभारत से करके सभी का ध्यान विवाद की ओर खींच लिया है। दरअसल न्यायमूर्ति जेबी परदीवाला ने मामले की सुनवाई के दौरान टिप्पणी करते हुए कहा कि इस विवाद के सामने महाभारत का युद्ध भी छोटा लगता है। यह तीखी टिप्पणी तब आई जब सुप्रीम कोर्ट दिवंगत उद्योगपति संजय कपूर की माता रानी कपूर की एक नई याचिका पर सुनवाई कर रहा था, जिसमें विवादित आरके फैमिली ट्रस्ट से जुड़े कार्यों को रोकने की मांग की गई थी। इस पर लोग कह रहे ऐसे ही थोड़े न कहा गया है हर घर में आज भी होता है महाभारत।

## यूं ज्योतिषी के भी फिर गए दिन

कहते हैं ज्योतिषी अच्छे दिनों की आहट का एहसास कराकर व्यक्ति के दिन फेर देता है, लेकिन तमिलनाडु का मामला अलग ही है। दरअसल तमिलनाडु विधानसभा चुनावों में ज्योतिषी राधन पंडित ने टीवीके की जीत की भविष्यवाणी की थी। अब सीएम की शपथ लेने और विधानसभा में बहुमत हासिल करने से पहले थलापति विजय ने उन्हें सीएमओ में एंट्री दी है। सीएम विजय ने उन्हें सीएमओ में ओएसडी बनाया है। खास बात यह है कि राधन पंडित पहले जयललिता के स्पिरिचुअल मेंटर रह चुके हैं। लोग तो यही कह रहे हैं कि इस सरकार ने तो ज्योतिषी के ही दिर फेर दिए, अब सबकी नजरें फ्लोर टेस्ट पर टिकीं हैं, यदि विजय सफल रहे तो आगे और कुछ भी हो सकता है।

## कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया बने रहेंगे

असम विधानसभा चुनाव की जिम्मेदारी डीके शिवकुमार को दी गई थी।असम के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को अपेक्षित सफलता नहीं मिली। माना जा रहा था, इस बार असम में कांग्रेस की सरकार बन सकती है। सरकार नहीं बनने से कोई नुकसान शिवकुमार को नहीं होगा। कर्नाटक के मुख्यमंत्री बनने का जो फायदा होने वाला था। अब वह फायदा नहीं होगा। कुछ समय उन्हें मुख्यमंत्री बनने के लिए इंतजार करना पड़ेगा। उनके भाग्य में अभी मुख्यमंत्री बनना लिखा नहीं है।

## राजनेताओं को गुणा भाग सिखा रहे हैं, मीडिया कर्मी

विपक्षी दलों को किस तरह की राजनीति करना चाहिए। वह कहां गलती कर रहे हैं। गोदी मीडिया इसकी सीख विपक्षी दलों को रोजाना टीवी चैनल में देते हुये नजर आते है। ऐसा लगता है, गोदी मीडिया के एंकर राजनीति के प्रकांड विद्वान और चाणक्य की तरह ज्ञानवान हो गए हैं। सत्ता पक्ष और विपक्ष को वही राह दिखा रहे हैं। एंकरों की वर्तमान स्थिति को देखते हुए यही लगता है। गोदी मीडिया को यह भ्रम हो गया है। भाजपा उनके कारण ही चुनाव दर चुनाव जीत रही है।

# होर्मुज की तपिश में सरकार की छाँव

**» होर्मुज बंद होने से देश की सरकार को हो रहा प्रतिदिन 1000 करोड़ का नुकसान**

डॉ. सुयश नारायण मिश्रा



घर-परिवार हो या कोई देश आकस्मिक आपदा किसी पर भी कभी भी आ सकती है। विगत दिनों में ईरान और अमेरिका के युद्ध के चलते होर्मुज बंद हो गया, जिसके कारण जहाजों की आवाजाही बंद हो गई। युद्ध के शुरूआती दौर में तो यह लगा था कि तेल और गैस की किल्लत से सभी जगह त्राहि-त्राहि मच जायेगी लेकिन भारत में ऐसा नहीं हुआ। सभी घरों में चूल्हे जलते रहे, वाहन चलते रहे, बच्चों की पढाई सुव्यवस्था के साथ चलती रही। यह सब कुछ तभी संभव हो सका क्योंकि हमारा मुखिया, हमारा संरक्षक जिम्मेदार और दूरदर्शी है। हमारी सरकार ने कुशल नेतृत्व के साथ इस मुसीबत की घड़ी में अपनी बुद्धिमत्ता का परिचय देते हुए बढ़ती कीमतों के बोझ को अपने तक ही सीमित रखा, जनता को उस तकलीफ से रूबरू ही नहीं होने दिया। जबकि वास्तविकता तो यह है कि हमारी तेल कंपनियों को प्रतिदिन रू. 1000 करोड़ का नुकसान उठाना पड़ रहा है, अर्थात थोड़े में कहें तो हमारी सरकार को इस युद्ध के कारण रू. 68,000 करोड़ का भारी नुकसान हुआ है। इसके अलावा इस युद्ध का बोझ हमारे तेल भंडारों पर भी पड़ रहा है, उनका स्तर निरंतर नीचे गिर रहा है और जिसको बनाये रखने में निवेश की आवश्यकता पड़ रही है। इस सब का असर सरकार के सेंट्रल एक्साइज पर भी पड़ रहा है। यानी तीन अलग-अलग दिशाओं में भारत को नुकसान उठाना पड़ रहा है। भारी नुकसान के चलते निरंतर गिरती अर्थव्यवस्था को समय रहते सुधारना ही होगा और इसके लिए सरकार के साथ प्रत्येक नागरिक का भी दायित्व है कि वो अपनी भागीदारी समझे। ऐसे कठिन समय में जब आर्थिक मार हर घर, हर व्यक्ति तक पहुँच गई हो, गाड़ियां खड़े होने के कगार पर हों, किसी भी सरकार के लिए बहुत आसान रास्ता था इस आर्थिक बोझ को जनता के ऊपर डालकर अलग हो जाना। लेकिन हमारी संवेदनशील सरकार ने अपनी सूझ बूझ से न केवल जनता को राहत दी बल्कि अपनी नीतिगत कुशलता से जनता को ऐसा छत्र दिया जिससे जनता का सामान्य जीवन अस्त व्यस्त होने से बच गया।

युद्ध न रुकने से जहाँ वैश्विक ऊर्जा संकट निरंतर बढ़ता ही जा रहा है वहीं होर्मुज का रास्ता साफ होने के भी कोई आसार नजर नहीं आ रहे हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि यदि भविष्य में युद्ध विराम हो भी गया तो स्थिति को संभलने में कम से कम चार महीने लग जाएंगे, जिसके चलते अधिक समय तक तेल और गैस के दाम उच्च स्तर पर बने रह सकते हैं। परन्तु युद्ध के इस ग्यारहवें सप्ताह में सरकार द्वारा अपनाएं वर्तमान मॉडल को यदि और आगे खींचा गया तो इसके प्रतिकूल प्रभाव हमारी अर्थयवस्था पर पडने लगेंगे। इन परिस्थितियों में हमारे सामने तीन चुनौतियां हैं- पहली चुनौती तेल भंडार से जुड़ी है। भारत का तेल भंडार आज 5.33 मिलियन टन पर है, जो लगभग दो सप्ताह की आवश्यकता पूरी कर सकता है। आईईए मानक नब्बे दिनों का है। चंडीखोल, पादुर और बीकानेर में 6.5 मिलियन टन का दूसरा चरण निर्माणाधीन है, और इसे त्वरित समय-सीमा पर पूरा करना होगा। साथ ही, जापान और दक्षिण कोरिया के बाद भारत ही ऐसा देश है जो 30-दिवसीय एलपीजी भंडार की योजना बना रहा है। इस युद्ध से उत्पन्न संकट से पता चलता है ये हमारी आज की आवश्यकता है।

दूसरी चुनौती रिफाइनिंग और घरेलू उत्पादन की है। हमें अपनी रिफाइनिंग क्षमता को बढ़ाना होगा। इसके लिए पहले ही कदम उठाये जा चुके हैं। नुमालीगढ़, जहाँ रु. 34,000 करोड़ की लागत से 3 से 9 एमएमटीपीए तक का विस्तार हो रहा है, उसे समय से पहले परिचालन में लाना होगा। बाड़मेर का संयंत्र अब परिचालन में है। पश्चिमी तट के एकीकृत संयंत्र विभिन्न चरणों में हैं। साथ ही घरेलू कच्चे तेल का उत्पादन, जो आज मांग का मात्र 12 प्रतिशत पूरा करता है, उसको बढ़ाना होगा। तीसरी चुनौती इथनॉल ब्लेंडिंग की है, आज बीस प्रतिशत ब्लेंडिंग करके देश 1.5 लाख करोड़ से अधिक की विदेशी मुद्रा बना पा रहा है। इस कठिन समय में वैकल्पिक ईंधन के माध्यम से एल पीजी की मांग को 70 से 75 हजार टन प्रतिदिन कम किया जा रहा है। आर्थिक नीतियों के जानकारों का कहना है कि यह केवल इसलिए संभव हुआ क्योंकि पीएनजी, मिट्टी का तेल, ईंधन तेल और बायो गैस की वैकल्पिक संरचना संकट आने से पहले ही तैयार कर ली गई थी। जो विशेषज्ञ इस दिशा में लगातार शोध कार्य कर रहे हैं उनका मानना है कि आज की तुलना में आने वाला समय और भी कठिन होगा, तब हमें इस संकट के समय जो हमने व्यय किया उससे उबरना भी होगा और ऐसी योजनाएं जो भविष्य में हमें मजबूती दे सकें उन योजनाओं में निवेश भी करना होगा। विश्व के इस संकट के समय में जब लगभग सभी देशों में पेट्रोल की कीमतें बढ़ा दी गयीं, श्रीलंका, पाकिस्तान में चार दिवसीय कार्य सप्ताह कर दिया गया, फिलीपींस में राष्ट्रीय ऊर्जा आपातकाल लगा दिया गया।

# बढ़ते अपराध और अपराधमुक्त समाज निर्माण की चुनौती

ललित गर्ग

राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के ताजा आंकड़े केवल सांख्यिकीय दस्तावेज नहीं हैं, बल्कि वे हमारे समाज के उस अंधेरे और भयावह चेहरे को सामने लाते हैं, जिसे अक्सर विकास, आधुनिकता और राजनीतिक उपलब्धियों की चमक में छिपा दिया जाता है। वर्ष 2024 के अपराध आंकड़ों ने यह स्पष्ट कर दिया है कि भारत आर्थिक, तकनीकी और वैश्विक स्तर पर चाहे जितनी प्रगति कर रहा हो, लेकिन सामाजिक और नैतिक स्तर पर अनेक गंभीर चुनौतियों से घिरा हुआ है। जब देश में हर 17 मिनट में हत्या, हर पांच मिनट में अपहरण, हर 18 मिनट में बलात्कार और लगभग हर दो मिनट में आर्थिक अपराध या धोखाधड़ी हो रही हो, तब यह केवल कानून-व्यवस्था का प्रश्न नहीं रह जाता, बल्कि यह पूरे सामाजिक ढांचे, नैतिक मूल्यों और प्रशासनिक तंत्र पर गंभीर प्रश्नचिह्न बनकर खड़ा हो जाता है। आज हम विकसित भारत, आत्मनिर्भर भारत और 2047 तक विश्वगुरु भारत का सपना देख रहे हैं। लेकिन यह सपना तभी साकार हो सकता है, जब समाज भयमुक्त, हिंसामुक्त और अपराधमुक्त बने। अपराधों से ग्रस्त समाज कभी स्वस्थ, संतुलित और आदर्श समाज नहीं बन सकता। यदि समाज का वातावरण असुरक्षा, भय, अविश्वास और हिंसा से भरा होगा, तो विकास की सारी योजनाएं खोखली सिद्ध होंगी। एनसीआरबी के आंकड़े हमें चेतावनी दे रहे हैं कि यदि समय रहते अपराधों की जड़ों को नहीं पहचाना गया और उन पर कठोर अंकुश नहीं लगाया गया, तो यह स्थिति भविष्य में और अधिक विस्फोटक हो सकती है।

विशेष चिंता का विषय महिलाओं के खिलाफ बढ़ते अपराध हैं। राजस्थान का लगातार छठे वर्ष महिलाओं के विरुद्ध अपराधों में शीर्ष पर बने रहना अत्यंत चिंताजनक है। बलात्कार के मामले में यह पहले स्थान पर, जबरन गर्भपात में दूसरे और भ्रूण हत्या में तीसरे स्थान पर है। विवाह के लिए महिलाओं के अपहरण के मामलों में भी राजस्थान चैथे नंबर पर है। इस अपराध में बिहार टॉप, यूपी दूसरे और पंजाब तीसरे स्थान पर है। बिहार 'पकड़वा विवाह' के लिए भी बदनाम है, जिसमें पुरुषों का अपहरण कर जबरन शादी कर दी जाती है। यदि प्रति लाख आबादी के लिहाज से हत्या की दर का विश्लेषण किया जाए तो झारखंड और छत्तीसगढ़ जैसे छोटे राज्य टॉप पर हैं और उत्तर प्रदेश जैसा बड़ा और अपराधों के लिए अक्सर चर्चा में रहने वाला राज्य 12वें स्थान पर। इस मामले में मध्यप्रदेश छठे और राजस्थान सातवें पायदान पर खड़ा है। बलात्कार, भ्रूण हत्या, जबरन गर्भपात और विवाह के लिए अपहरण जैसी घटनाएं यह बताती हैं कि सामाजिक चेतना और नैतिक संस्कारों में गंभीर गिरावट आई है। महिलाओं के प्रति सम्मान, संवेदना और सुरक्षा की भावना कमजोर हुई है।

यह विडंबना ही है कि एक ओर हम 'नारी शक्ति' और 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' जैसे अभियान चला रहे हैं, वहीं दूसरी ओर महिलाओं के खिलाफ अपराधों के आंकड़े भयावह रूप लेते जा रहे हैं। यह केवल कानून की कमजोरी नहीं, बल्कि सामाजिक मानसिकता की विकृति का भी परिणाम है।

सुविचार

कलाकार प्रकृति का प्रेमी है अतः वह उसका दास भी है और स्वामी भी।

- रवींद्रनाथ ठाकुर

मनुष्य की इच्छाओं का पेट आज तक कोई नहीं भर सका है।

- वेदव्यास

प्रसंगत

## कंगन का दान

संस्कृत के कवियों में माघ का श्रेष्ठ स्थान है। वह साधन-संपन्न तो थे ही, दान देने में भी अग्रणी थे। लोगों को विश्वास था कि उनके घर से कोई भी जरूरतमंद कभी खाली हाथ नहीं लौटता। दान देते-देते एक अवसर ऐसा भी आया कि जब वह खुद ही निर्धन हो गए। लेकिन मदद करने की उनकी भावना में कोई कमी नहीं आई। वह लोगों की सहायता के लिए पहले की तरह ही तत्पर रहते थे। एक रात किसी गरीब पुजारी ने उनका दरवाजा खटखटाया। माघ ने दरवाजा खोला तो पुजारी ने बाहर आने का निवेदन किया और कहा, 'मेरी बेटी की शादी है। कैसे विवाह कर पाऊंगा, इस बात की चिंता सताती रहती है। मैं आपसे कुछ सहायता मांगने आया हूं।' कविवर ने सोचा कि इस समय न घर में धन है, न कोई ऐसी वस्तु जो याचक को दी जा सके।

कुछ देर सोचने के बाद वह अपनी सोयी हुई पत्नी के पास गए और धीरे से उसका हाथ उठाकर उससे कंगन उतारा। पत्नी की नींद खुल गई, परंतु पति को सामने देखकर उसने आंखें बंद कर लीं। माघ ने बाहर आकर वह कंगन उस पुजारी को दे दिया और उसे वहां से जल्दी भाग जाने के लिए कहा। किंतु पत्नी ने दरवाजे की दरार से सब कुछ देख लिया कि उसके पतिदेव किसको वह कंगन दे रहे हैं।

जरा हटके

# समुद्र में मछुआरों के हाथ लगा बेहद दुर्लभ जीव लॉब्स्टर

लंदन। गहरे समुद्री पानी में मछली पकड़ने गए मछुआरों के हाथ बेहद दुर्लभ जीव लॉब्स्टर हाथ लग गया, जो अपने अनूठे रंग के कारण चर्चा का विषय बन गया है। एक कंपनी की मछली पकड़ने वाली टीम को यह अद्भुत जीव मिला, जिसका शरीर आधा भूरे रंग का और आधा चमकीले नारंगी रंग का था। यह जीव दो अलग-अलग हिस्सों में बंटा हुआ दिख रहा था। वैज्ञानिकों और मछुआरों दोनों के लिए यह किसी चमत्कार से कम नहीं था, क्योंकि ऐसे आधा-आधा रंग के लॉब्स्टर 5 करोड़ में से केवल एक ही पाए जाते हैं। कंपनी के अधिकारी ने इस असाधारण खोज के महत्व को समझा और तुरंत इसे संरक्षित करने का निर्णय लिया। उनका मानना था कि ऐसे दुर्लभ जीव को सीधे उपभोग में लाने के बजाय लोगों के सामने लाना आवश्यक है, ताकि अधिक से अधिक लोग प्रकृति की इस अनूठी देन के बारे में जान सकें।

जैसे ही इसकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर साझा की गई, वे तेज़ी से वायरल हो गई और वैज्ञानिकों का ध्यान भी इसकी ओर आकर्षित हुआ। इस लॉब्स्टर के दो रंग होने के पीछे एक विशेष जैविक घटना है, जिसे जेनेटिक मोज़ेकिज्म या गाइनेंड्रोमॉर्फिज्म कहा जाता है। इसका अर्थ है कि एक ही जीव के शरीर में अलग-अलग प्रकार की आनुवंशिक कोशिकाएँ मौजूद होती हैं, या उसमें नर और मादा दोनों के गुण एक साथ पाए जाते हैं। यह स्थिति इसके शरीर को दो स्पष्ट रूप से अलग रंगों में विभाजित करती है, जिससे यह और भी आकर्षक दिखाई देता है।

इस अद्वितीय लॉब्स्टर को खाने के लिए इस्तेमाल करने के बजाय वुड्स होल साइंस एक्वेरियम को दान कर दिया गया है। यहाँ इसे वैज्ञानिक अध्ययन के लिए सावधानीपूर्वक रखा जाएगा और भविष्य में आम जनता के लिए भी प्रदर्शित किया जाएगा। एक्वेरियम की जीवविज्ञानी जूलिया स्टडली ने इस खोज पर अपनी खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि यह लॉब्स्टर न केवल देखने में मंत्रमुग्ध कर देने वाला है, बल्कि यह हमें प्रकृति की अद्भुत जटिलता और उसके भीतर छिपी विविधता के बारे में भी बहुत कुछ सिखाता है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि ऐसे जीव प्राकृतिक चयन और आनुवंशिकी के रहस्यों को समझने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

यह घटना प्रकृति की अप्रत्याशितता और उसकी असीम रचनात्मकता का एक जीता-जागता प्रमाण है, जो हमें याद दिलाती है कि समुद्र की गहराइयों में अभी भी कितने रहस्य छिपे हुए हैं। यह दुर्लभ खोज एक बार फिर दर्शाती है कि प्रकृति कितनी अनोखी और अप्रत्याशित हो सकती है। यह लॉब्स्टर अब केवल एक समुद्री जीव नहीं, बल्कि एक वैज्ञानिक कौतूहल और आने वाली पीढ़ियों के लिए सीखने तथा प्रकृति के रहस्यों को समझने का एक महत्वपूर्ण माध्यम बन गया है।

फोटो ऑफ द डे




स्पेन के ग्रेनडिला पोर्ट के पास हंतावायरस से प्रभावित समुद्री जहाज एमवी हॉंडियस पर पहुंचे सहायता दल के सदस्य।

चिंतन-मनन

## श्रम रहित परिश्रम

महर्षि वेदव्यास किसी नगर से गुजर रहे थे। उन्होंने एक कीड़े को तेजी से भागते हुए देखा। मन में सवाल उठा- एक छोटा सा कीड़ा इतनी तेजी से क्यों भागा जा रहा है। उन्होंने कीड़े से पूछा- ऐ क्षुद्र जंतु ! तुम इतनी तेजी से कहां जा रहे हो। कीड़ा बोला- हे महर्षि, आप तो इतने ज्ञानी हैं, यहां क्षुद्र कौन और महान कौन। क्या इनकी सही-सही परिभाषा संभव है। महर्षि सकपकाए। फिर सवाल किया- अच्छा बताओ कि तुम इतनी तेजी से कहां भागे जा रहे हो। इस पर कीड़े ने कहा-अरे ! मैं तो अपनी जान बचाने के लिए भाग रहा हूं। देख नहीं रहे कि पीछे कितनी तेजी से बैलगाड़ी चली आ रही है। कीडे के उत्तर ने महर्षि को फिर चौंकाया। वह बोले- पर तुम तो इस कीट योनि में पड़े हो। यदि मर गए तो तुम्हें दूसरा और अच्छा शरीर मिलेगा। इस पर कीड़ा बोला- महर्षि ! मैं तो कीड़े की योनि में रहकर कीड़े का आचरण कर रहा हूं, पर ऐसे प्राणी बहुत हैं जिन्हें विधाता ने शरीर तो मनुष्य का दिया है, पर वे मुझ कीड़े से भी गया-गुजरा आचरण कर रहे हैं। महर्षि उस नन्हे से जीव के कथन पर सोचते रहे, फिर उन्होंने उससे कहा- चलो, हम तुम्हारी सहायता कर देते हैं। कीड़े ने पूछा- किस तरह की सहायता। महर्षि बोले-तुम्हें उठाकर मैं आने वाली बैलगाड़ी से दूर पहुंचा देता हूं। इस पर कीड़े ने कहा- धन्यवाद ! श्रम रहित पराश्रित जीवन विकास के सारे द्वार बंद कर देता है। मुझे स्वयं ही संघर्ष करने दीजिए। महर्षि को कोई जवाब न सूझा।

व्यंग

# सौ साल पहले

प्रमोद यादव

'सौ साल पहले' शीर्षक पढ़ ये मत सोचियेगा कि मैं हिंदी सिनेमा के सौ वर्ष पर या अँग्रेज़ों की ग़ुलामी पर बातें करने जा रहा हूँ। मैं तो महज़ एक फ़िल्मी गाने की बात करने जा रहा हूँ जो अक्सर म्यूज़िक चैनलों के कार्यक्रम 'भूले-बिसरे गीत' में दिखाया जाता है। गाना है- 'सौ साल पहले मुझे तुमसे प्यार था। आज भी है और कल भी रहेगा।' फ़िल्म है - जब प्यार किसी से होता है और परदे पर इसे गुनगुनाया है सदाबहार हीरो देवानंद ने साथ में है- अपने ज़माने की हसीन अदाकारा आशा पारीख। इस गीत को लिखा किसने, मुझे याद नहीं आ रहा। पर जिसने भी लिखा, कमाल का लिखा है। उसे साष्टांग प्रणाम। और धुन बनाने वाले भैयाजी को भी सुमधुर संगीत के लिए साधुवाद। तो वाक़या ये है कि रोज़ खा-पीकर रात दस बजे के बाद मैं अक्सर ही एक दूसरी दुनिया में चला जाता हूँ। बिस्तर पर लेपटॉप ले मैं सन पचास और सत्तर के बीच की दुनिया में विलीन (अंतर्ध्यान) हो जाता हूँ। धीमी-धीमी आवाज़ में सदाबहार नग़में सुनता हूँ..।

वीडियो देखता हूँ। वॉल्यूम इसलिए नहीं बढ़ाता कि बेटे को एलर्जी है पुराने गानों से। बीबी तो सुन भी लेती है। (उसका धर्म भी है) पर पप्पू नहीं मानता, ज़रा सा वाल्लुम तेज़ हुआ कि बिफर ही जाता है- 'पापा, कम कीजिये नहीं तो मुझे नींद आ जायेगी। कल सुबह टेस्ट है मेरा।' तब मैं गुस्से में लेपटॉप समेट लेट जाता हूँ। हालाकि नींद नहीं आती।

और भला आये भी कैसे? ग़ुस्से में किसे नींद आएगी? आँखें मीचने के बाद भी मुझे गीताबाली, मधुबाला, मीनाकुमारी, नरगिस, शकीला, श्यामा, वहीदा, पद्मिनी कूल्हे मटकाती नाचती हुई स्पष्ट नज़र आती हैं। और उनके पीछे एक ख़ास अंदाज़ में ढीले-ढाले पेंट-शर्ट पहने बाग़-बागीचे में दौड़ते-झूमते- गाते नज़र आते हैं- दिलीप, देवानन्द, राजकपूर, राजेंद्रकुमार, राजकुमार, गुरुदत्त, सुनीलदत्त। फिर कब इंटरवेल होता है और कब दी एंड समझ नहीं आता। आँख लग जाती है। सुबह उठकर लेपटॉप को उसकी जगह पर रख फिर रोज़मर्रा के कामों में लग जाता हूँ। रात होते ही पुनः लेपटॉप पर आ जाता हूँ। ये रोज़ का सिलसिला है। मेरी बड़ी ही सीधी-साधी है। गाँव से है इसलिए मेरे साथ-साथ इन पुराने गीतों को भी प्रेम से झेल लेती है। पर पप्पू तो 'यो यो हनी सिंग' युग का है। 'चार बोतल वोदका' के बिना रहता ही नहीं। स्कूल से लौटते ही यूनिफार्म उतारते-उतारते उसे हनी सिंग का बुखार चढ़ जाता है। पूरे फूल वॉल्यूम में उसके गाने सुन ही खाना खाता है। शोर-शराबा

स्वास्थ्य

# बहन की अंतिम इच्छानुसार तैयार करवाई नीली विंड चाइम

सैन फ्रांसिस्को। 43 वर्षीय महिला एरिन मेरेली के लिए बालकनी से आने वाली खनक उनकी स्वर्गीय बहन की मौजूदगी का अहसास दिलाने वाली आवाज बन चुकी है। यह विंड चाइम उनकी दिवंगत बहन की अस्थियों से तैयार की गई एक खास नीली विंड चाइम है, जो अब उनके लिए यादों और भावनाओं का प्रतीक बन गई है। दरअसल, अमेरिका के डेनवर में रहने वाली एरिन की बहन ने अपनी जिंदगी के अंतिम दिनों में एक अनोखी इच्छा जताई थी। उन्होंने कहा था कि उन्हें पारंपरिक तरीके से दफनाने के बजाय उनकी अस्थियों से नीले रंग की विंड चाइम बनाई जाए। यह इच्छा सुनकर एरिन भावुक हो गईं, लेकिन उन्होंने अपनी बहन से किया गया वादा निभाने का फैसला किया। आज उनकी बालकनी में टंगी वह विंड चाइम हर हवा के झोंके के साथ बहन की यादों को जीवित कर देती है। इस अनोखी प्रक्रिया के पीछे 'अल्कलाइन हाइड्रोलिसिस' नामक वैज्ञानिक तकनीक का इस्तेमाल किया गया। इसे सामान्य भाषा में 'जल दाह संस्कार' भी कहा जाता है। इस प्रक्रिया में शरीर को पानी और विशेष रसायनों के साथ एक नियंत्रित वातावरण में रखा जाता है, जिससे शरीर धीरे-धीरे तरल रूप में बदल जाता है। बाद में बची हुई हड्डियों को सुखाकर महीन पाउडर तैयार किया जाता है। इसी पाउडर का उपयोग एरिन ने अपनी बहन की यादगार विंड चाइम बनाने में किया।

# बीजिंग पहुंचे अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप, टिकीं दुनिया की नजरें



**बीजिंग।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अपने दूसरे कार्यकाल की अत्यंत महत्वपूर्ण और पहली आधिकारिक यात्रा पर आज शाम चीन की राजधानी बीजिंग पहुंच रहे हैं। वर्ष 2017 के बाद यह ट्रंप का पहला चीन दौरा है, जो एक ऐसे समय में हो रहा है जब वैश्विक राजनीति और अर्थव्यवस्था गहरे संकट के दौर से गुजर रही है। दो दिनों तक चलने वाली इस शिखर वार्ता में ट्रंप और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच आमने-सामने की मुलाकात होगी, जिस पर पूरी दुनिया की निगाहें जमी हुई हैं। इससे पहले दोनों दिग्गज नेताओं ने अक्टूबर 2025 में दक्षिण कोरिया के बुसान में मुलाकात की थी, लेकिन बीजिंग की यह बैठक रणनीतिक लिहाज से कहीं अधिक व्यापक मानी जा रही है।

इस दौरे का सबसे संवेदनशील और प्रमुख मुद्दा ईरान के साथ चल रहा सैन्य संघर्ष है। अमेरिका को उम्मीद है कि चीन ईरान पर अपने कूटनीतिक और आर्थिक प्रभाव का इस्तेमाल कर उसे बातचीत की मेज पर लाएगा। विशेष रूप से होर्मुज जलडमरूमध्य को दोबारा खुलवाने पर चर्चा केंद्रित रहेगी, क्योंकि यह समुद्री मार्ग वैश्विक तेल व्यापार की जीवनरेखा है। युद्ध के कारण विश्व स्तर पर तेल की कीमतों में भारी उछाल आया है, जिससे अमेरिका में घरेलू स्तर पर ट्रंप प्रशासन पर पेट्रोल के दाम कम करने का भारी दबाव है। व्यापार और आर्थिक सहयोग भी इस वार्ता के केंद्र में रहेंगे। राष्ट्रपति ट्रंप के साथ एक उच्च स्तरीय व्यापारिक प्रतिनिधिमंडल भी चीन पहुंचा है।

## भारतीय हमलों से घबराए पाकिस्तान ने 88 घंटों में 60 बार लगाई थी गुहार

**वॉशिंगटन।** ऑपरेशन सिंदूर को लेकर पाकिस्तान के सैन्य नेतृत्व द्वारा किए जा रहे दावों की हकीकत अब अंतरराष्ट्रीय दस्तावेजों के जरिए सामने आ गई है। पाकिस्तानी सेना प्रमुख जनरल आसिम मुनीर ने दावा किया था कि भारत ने अमेरिका के माध्यम से संघर्ष विराम की पहल की थी, लेकिन अमेरिकी आधिकारिक रिकॉर्ड्स ने इस झूठ का पर्दाफाश कर दिया है। रिकॉर्ड्स के मुताबिक, 6 मई से 9 मई 2025 के बीच, जब भारतीय सेना आतंकियों के खिलाफ कार्रवाई कर रही थी, तब पाकिस्तान ने मात्र 88 घंटों के भीतर करीब 60 बार अमेरिकी प्रशासन से संपर्क साधा। इनमें अमेरिकी सांसद, कांग्रेस स्टाफ, रक्षा अधिकारी, ट्रेजरी विभाग और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार स्तर के कार्यालय शामिल थे।



पहले टारगेट को निशाना बनाने घंटों लगते थे, अब ऐसे फैसले सेकंड में होते हैं।

# अब वेनेजुएला को अमेरिका का 51वां राज्य बनाएंगे ट्रंप!

### ट्रंप कनाडा और ग्रीनलैंड पर पहले नजर रखे हुए हैं

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राजनीति और अंतरराष्ट्रीय कूटनीति में एक बार फिर उस समय हड़कंप मच गया जब राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने वेनेजुएला को संयुक्त राज्य अमेरिका का 51वां राज्य बनाने के प्रस्ताव पर गंभीरता से विचार करने का संकेत दिया। सूत्रों के अनुसार, ट्रंप ने एक साक्षात्कार के दौरान इस बात की पुष्टि की है कि वे वेनेजुएला के भविष्य को लेकर इस बड़े कदम पर मंथन कर रहे हैं। गौरतलब है कि इससे पहले भी ट्रंप कनाडा और ग्रीनलैंड जैसे क्षेत्रों को अमेरिकी संघ में शामिल करने के अपने विचार सार्वजनिक कर चुके हैं, लेकिन वेनेजुएला के संदर्भ में यह बयान मौजूदा भू-राजनीतिक परिस्थितियों को देखते हुए अत्यंत संवेदनशील माना जा रहा है।

डोनाल्ड ट्रंप ने इस विचार के पीछे वेनेजुएला के विशाल प्राकृतिक संसाधनों को मुख्य वजह बताया है। ट्रंप के अनुसार, वेनेजुएला के पास लगभग 40 ट्रिलियन



डॉलर का तेल भंडार है, जो अमेरिका की ऊर्जा सुरक्षा और आर्थिक शक्ति को नई ऊंचाइयों पर ले जा सकता है। उन्होंने यह भी दावा किया कि वहां की जनता उन्हें पसंद करती है और अमेरिका के साथ जुड़ना उनके हित में होगा। यह घटनाक्रम 3 जनवरी 2026 को अमेरिकी प्रशासन द्वारा वेनेजुएला के तत्कालीन राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को पद से हटाए जाने के बाद आया है। उस समय ट्रंप ने स्पष्ट किया था कि अमेरिका अस्थायी रूप से वेनेजुएला का प्रबंधन संभालेगा ताकि एक सुरक्षित और उचित ट्रांजिशन (सत्ता हस्तांतरण) सुनिश्चित किया जा सके।

फिलहाल, ट्रंप प्रशासन वेनेजुएला के तेल उद्योग को पुनर्जीवित करने और वहां विदेशी निवेश लाने पर जोर दे रहा है। हालांकि ट्रंप ने स्वयं को आधिकारिक रूप से वहां का प्रशासक घोषित नहीं किया है, लेकिन उन्होंने इस पूरी प्रक्रिया की निगरानी के लिए विदेश मंत्री मार्को रुबियो और रक्षा मंत्री पेटे हेगसेथ जैसे शीर्ष अधिकारियों की एक टीम तैनात की है। अमेरिकी प्रशासन वर्तमान में डेल्सी रोड्रिग्ज के साथ समन्वय कर रहा है, जिन्हें तेल क्षेत्र के प्रबंधन का व्यापक अनुभव है। ट्रंप ने स्पष्ट कर दिया है कि वेनेजुएला के पुनर्निर्माण की अंतिम जिम्मेदारी उन पर है। यदि वेनेजुएला को अमेरिका का 51वां राज्य बनाने की दिशा में कोई ठोस कदम उठाया जाता है, तो यह आधुनिक इतिहास की सबसे बड़ी भौगोलिक और राजनीतिक घटना होगी। हालांकि, इस प्रस्ताव को लेकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कड़े विरोध और कानूनी चुनौतियों की संभावना से भी इनकार नहीं किया जा सकता है।

## भूकंप के झटके से थर्राया तेहरान

### मिसाइल हमले के डर से सड़क पर आ गए लोग

**तेहरान।** युद्ध की विभीषिका झेल रहे ईरान में बीती रात कुदरत के कहर ने एक बार फिर दहशत पैदा कर दी। ईरान की राजधानी तेहरान और उसके आसपास के इलाकों में मंगलवार रात को 4.6 तीव्रता के भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। भूकंप विज्ञान केंद्र के अनुसार, इस भूकंप का केंद्र जमीन से 10 किलोमीटर की गहराई पर स्थित था। यह क्षेत्र तेहरान और माज़ंदरान के बीच का सीमावर्ती इलाका बताया जा रहा है। आधी रात को जब भूकंप आया, तो उस वक्त ज्यादातर लोग सो रहे थे। झटके इतने तेज थे कि लोगों की नींद खुल गई और पूरे शहर में अफरा-तफरी मच गई। वर्तमान में ईरान और अमेरिका-इजरायल के बीच जारी सैन्य संघर्ष के कारण लोगों के मन में इस कदर डर बैठा है कि झटके महसूस होते ही कई नागरिकों को लगा कि शायद फिर से कोई बड़ा हवाई हमला या मिसाइल अटैक हुआ है। इसी डर के कारण लोग अपने घरों से निकलकर खुले मैदानों और स?कों की ओर भागने लगे। हालांकि, कुछ समय बाद जब स्थिति स्पष्ट हुई कि यह प्राकृतिक भूकंप था, तब जाकर लोगों ने राहत की सांस ली।

ईरान के सरकारी मीडिया और प्रसारक आईआरआईबी की शुरुआती रिपोर्टों के मुताबिक, इस भूकंप से फिलहाल किसी के हताहत होने या बड़े पैमाने पर जान-माल के नुकसान की कोई सूचना नहीं मिली है। गौरतलब है कि 28 फरवरी को अमेरिका और इजरायल द्वारा किए गए संयुक्त हमलों के बाद से ही ईरान में युद्ध जैसे हालात बने हुए हैं। इस तनावपूर्ण माहौल के बीच जब भी धरती कांपती है, तो सोशल मीडिया और आम चर्चाओं में मिसाइल परीक्षण या गुप्त परमाणु परीक्षण की अटकलें तेज हो जाती हैं।

## बांग्लादेश ने दी कड़ी प्रतिक्रिया, कहा- कटीले तारों से नहीं डरता ढाका


**ढाका।** पश्चिम बंगाल में सत्ता परिवर्तन के बाद मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी के नेतृत्व वाली नई सरकार ने सीमा सुरक्षा को लेकर अपने तेवर कड़े कर लिए हैं। मंत्रिमंडल की पहली ही बैठक में अंतरराष्ट्रीय सीमा पर बाड़ लगाने के लिए सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) को भूमि हस्तांतरित करने की प्रक्रिया को मंजूरी दे दी गई है। बंगाल सरकार के इस बड़े फैसले के बाद पड़ोसी देश बांग्लादेश की ओर से तीखी प्रतिक्रिया सामने आई है। बांग्लादेश सरकार ने स्पष्ट लहजे में कहा है कि वह कटीले तारों या बाड़बंदी से नहीं डरता, लेकिन सीमा पर होने वाली मौतों को लेकर वह चुप नहीं बैठेगा। बांग्लादेश के प्रधानमंत्री के विदेश मामलों के सलाहकार हुमायूं कबीर ने ढाका में पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि चुनावी बयानबाजी और शासन दो अलग बातें हैं।



टेनिस खिलाड़ी पुरस्कार राशि के मामले में अब पीछे नहीं हटेंगे :पेगुला।

## सीएसके टीम के साथ लखनऊ जाएंगे धोनी, टिकट हुआ बुक: कासी विश्वनाथन

**मुम्बई।** चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) टीम के पूर्व कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी ने अब तक इस सत्र में एक भी मैच नहीं खेला है पर वह शुक्रवार को लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ होने वाले मैच में खेल सकते हैं। इसका अंदाजा घोनी के टीम के साथ उड़ान भरने को लेकर लगाया जा रहा है। ऐसे में अगर वह खेलते हैं तो इस सत्र में उन्हें खेलते हुए देखने का प्रशंसकों का सपना पूरा हो सकता है। धोनी फिट न होने के कारण शुरुआत से ही बाहर हैं। धोनी अपनी शानदार फिनिशिंग और विकेटकीपिंग के लिए जाने जाते हैं, पिंडली की चोट के कारण वह पूरे सीजन से बाहर रहे हैं। उनके बाहर होने से सीएसके के प्रशंसकों को निराश हुई है। प्रशंसक उन्हें एक बार फिर खेलते



हुए देखना चाहते हैं। फैंस की चाहत है कि अगर वो मैदान पर नहीं उतर सकते तो कम से कम टीम के किसी मैच में मौजूद रहें।

वहीं एक रिपोर्ट के अनुसार, चेन्नई सुपर किंग्स के सीईओ कासी विश्वनाथन ने भी कहा है कि धोनी का लखनऊ के लिए टिकट बुक है। टीम शुक्रवार रात को एलएसजी से खेलने वाली है और इसमें धोनी की मौजूदगी से टीम का मनोबल बढ़ेगा। सीएसके इस समय प्लेऑफ की दौड़ में है और अंक तालिका में शीर्ष चार में जगह बनाने का प्रयास कर रही है। साल की खराब शुरुआत के बाद टीम ने लगातार तीन जीत दर्ज की हैं, जिससे उनकी स्थिति मजबूत हुई है। ऐसे में धोनी के साथ होने से टीम को मनोबल बढ़ेगा। यदि धोनी मैदान पर उतरते हैं, तो उनकी बल्लेबाजी सीएसके के निचले क्रम को मजबूती देगी और इसके साथ ही कप्तानी को भी अच्छा मार्गदर्शन मिलेगा।

## मुंबई इंडियंस को हराकर प्लेऑफ की उम्मीदें मजबूत करना चाहेगी पंजाब

**धर्मशाला।** पंजाब किंग्स की टीम आईपीएल मुकाबले में गुरुवार को यहां मुम्बई इंडियंस के खिलाफ जीत के इरादे से उतरेगी। इस सत्र की शुरुआत में नंबर एक पर रही पंजाब की टीम पिछले चार मैच में लगातार हार से अंक तालिका में चौथे स्थान पर खिसक गयी है। उसके अब तक 13 अंक हैं, ऐसे में प्लेऑफ में पहुंचने के लिए उसे ये मैच हर हाल में जीतना होगा। कप्तान श्रेयस अय्यर की पंजाब के पास अच्छे बल्लेबाज और गेंदबाज हैं पर उसे पिछले मैचों में की गयी गलतियों से बचना होगा। उसके ऊपर दबाव भी रहेगा और ऐसे में अब देखना होगा कि वह किस प्रकार से खेलती है। इस मैच में उसे अपनी गेंदबाजी और फील्डिंग में जल्द से जल्द सुधार करना होगा। पिछले मैच में उसे इन दोनो क्षेत्रों की कमजोर से हार का सामना करना पड़ा था। उसे प्लेऑफ में जगह बनाने बचे हुए दो मैचों को हर हाल में जीतना होगा।

टीम का अब तक का सफर उतार-चढ़ाव से भरा रहा है। उसे शुरुआत में लगातार जीत मिली पर फिर टीम एकाएक हारने लगी।

टूर्नामेंट के पहले भाग में बल्लेबाजों के शानदार प्रदर्शन से गेंदबाजी विभाग की कमजोरियां नजर नहीं आई पर बल्लेबाजी के असफल होने ही टीम हारने लगी। दिल्ली के खिलाफ मैच में टीम जीत के करीब पहुंच गई थी पर अंतिम पांच ओवरों में तेज गेंदबाज अपनी लेंथ बरकरार नहीं रख पाये। अर्शदीप सिंह सहित अन्य गेंदबाजों का इकॉनमी रेट सबसे खराब रहा है। जहां पहले हाफ में जेवियर बार्टलेट और अर्शदीप ने नई गेंद से अच्छा संयोजन प्रदान किया।

## जीत से उत्साहित शुभमन बोले हालातों के अनुसार बनाते हैं रणनीति



**अहमदाबाद।** गुजरात टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल ने सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ आईपीएल 2026 मुकाबले में मिली जीत पर खुशी जतायी है। शुभमन ने कहा कि टीम को ये शानदार जीत गेंदबाजों के बेहतर प्रदर्शन से मिली है। गुजरात ने जिस प्रकार से इस सत्र में उतार-चढ़ाव के बाद शीर्ष पर स्थान बनाया है उससे भी प्रशंसकों ने उसकी सराहना की है। वहीं शुभमन ने कहा कि उनकी टीम ने किसी खासा शैली को नहीं अपनाया है, उनकी टीम हालातों के अनुसार रणनीति बनाती है। इसी के साथ ही गुजरात ने लगातार पांचवां मुकाबला जीता।

मैच के बाद शुभमन ने कहा, हमें अच्छी तरह पता था कि इस विकेट पर 170 का स्कोर बनाना काफी कठिन होगा और उसका बचाव करना उससे भी मुश्किल रहेगा। हमारे गेंदबाजों ने इस दौरान जबरदस्त खेल दिखाया। हमने मैच से पहले अपनी गेंदबाजी रणनीति को लेकर एक स्पष्ट योजना बनाई थी, जिसपर अमल करने में हम सफल रहे। विशेष रूप से देखा जाये तो हमारी गेंदबाजी बेहतीन रही।

उन्होंने बल्लेबाजों साई सुदर्शन 61 और वाशिंगटन सुंदर 50 के अर्धशतकों की भी प्रशंसा की है। शुभमन के अनुसार इन शानदार पारियों से ही टीम 170 रन के अच्छे स्कोर तक पहुंची। साथ ही कहा, उनके बिना, 170 तक पहुंचना वाकई मुश्किल होता। अंकतालिका में शीर्ष पर पहुंचने के बारे में कप्तान ने बताया कि यह लगातार अच्छे प्रदर्शन से संभव हुआ है। अपनी टीम की पहचान को लेकर उन्होंने कहा, हम उस तरह की टीम नहीं हैं जो किसी खास स्टाइल या ब्रांड का क्रिकेट खेलती हो। हम एक ऐसी टीम बनना चाहते हैं जो हालातों का आंकलन करते हुए खेले।

# पंजाब किंग्स के खिलाफ मुकाबले से पहले अकेले अभ्यास करते दिखे पांड्या



**मुंबई।** मुम्बई इंडियंस टीम का प्रदर्शन आईपीएल के इस सत्र में अच्छा नहीं रहा है और टीम प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो गयी है। टीम को अब गुरुवार को बचे हुए लीग मैच में पंजाब किंग्स से खेलना है। मुम्बई की टीम इस मैच में जीत के साथ ही अपना खोया मनोबल हासिल करने का प्रयास करेगी। टीम के कप्तान हार्दिक पांड्या का प्रदर्शन भी इस सत्र में अच्छा नहीं रहा और वह आलोचकों के निशाने पर हैं। पांड्या फिट नहीं होने के कारण पिछले दो मैचों से बाहर थे। अब उनका लक्ष्य गुरुवार को पंजाब किंग्स के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन कर लय हासिल करना चाहेंगे। इसी को देखते हुए पांड्या अकेले ही नेट्स में अभ्यास करते दिखे। इससे साफ है कि वह पंजाब के खिलाफ मैदान पर उतरेंगे। इससे टीम और प्रशंसकों के बीच उम्मीदें जगी हैं। हालांकि फ्रेंचाइजी ने अभी तक उनकी उपलब्धता पर कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया है। पांड्या ने अभ्यास का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर जारी कर अपने फिट होने के संकेत दिये हैं।

हार्दिक इससे पहले रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ मैच में नहीं उतरे थे। पीठ की समस्या के कारण उनकी अनुपस्थिति ने टीम के संतुलन और प्रदर्शन को काफी प्रभावित किया है, खासकर जब टीम इस सीजन में लगातार संघर्ष कर रही है। अब, पंजाब किंग्स के खिलाफ महत्वपूर्ण मुकाबले से पहले उनके नेट्स में बल्लेबाजी अभ्यास करते हुए देखा जाना उनके फिटनेस हासिल करने का एक सकारात्मक संकेत है।

मुंबई पहले ही आईपीएल 2026 के प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो चुकी है, जिसके बाद टीम के भीतर और बाहर कई सवाल उठे हैं। इन हालातों के बीच, पांड्या ने टीम के भविष्य और रणनीति पर अपने विचार साझा किए।

## काउंटी चैम्पियनशिप में सफल वापसी के साथ ही स्टोक्स ने साबित की फिटनेस

**लंदन।** इंग्लैंड क्रिकेट टीम के टेस्ट कप्तान बेन स्टोक्स ने चोट से वापसी करते हुए काउंटी चैम्पियनशिप में अच्छी गेंदबाजी कर साबित कर दिया है कि वह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के लिए पूरी तरह से फिट हैं। स्टोक्स की वापसी से इंग्लैंड क्रिकेट टीम ने राहत की सांस ली है। टीम को आने वाले समय में न्यूजीलैंड और पाकिस्तान के खिलाफ खेलना है। ऐसे में स्टोक्स की वापसी से घरेलू टेस्ट सीरीज के दौरान इंग्लैंड की तेज गेंदबाजी बेहतर होगी। जेम्स एंडरसन और स्टुअर्ट ब्रॉड जैसे स्टार खिलाड़ियों के संन्यास के बाद से ही स्टोक्स की भूमिका और भी अहम हो जाती है। स्टोक्स ने डरहम काउंटी क्रिकेट क्लब की ओर से वॉर्सेस्टरशायर काउंटी क्रिकेट क्लब के खिलाफ डिवीजन टू मुकाबले में खेला है। चोट से वापसी के बाद से ही यह उनका पहला प्रतिस्पर्धी मैच था। इंग्लैंड का इस साल एक व्यस्त घरेलू टेस्ट सत्र है, जिसमें उसे आईसीसी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप के तहत जून में न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन टेस्ट और अगस्त-सितंबर में पाकिस्तान के खिलाफ तीन टेस्ट खेलने हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### क्या आर्थिक संकट की आहट दे रही है केन्द्र सरकार



**मैहर ( ब्यूरो )।** आम आदमी पार्टी के जिला विधिक प्रकोष्ठ अध्यक्ष आनंद श्रीवास्तव ने प्रधानमंत्री के हाल ही में दिए गए वर्क फ्रॉम होम संबंधी बयान को लेकर केंद्र सरकार की आर्थिक नीतियों पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने कहा कि देश की जनता लगातार ऐसे बयान सुन रही है जिससे यह प्रतीत होता है कि केंद्र सरकार आर्थिक दबाव, ऊर्जा संकट और बढ़ती महंगाई से जूझ रही है और वास्तविक स्थिति जनता से छिपाई जा रही है। आनंद श्रीवास्तव ने कहा कि कुछ समय पहले प्रधानमंत्री द्वारा देशवासियों से तेल का कम उपयोग करने, अनावश्यक यात्रा से बचने और सोना खरीदने में संयम बरतने की अपील की गई थी। अब प्रधानमंत्री द्वारा पुनः वर्क फ्रॉम होम संस्कृति अपनाने की सलाह देना यह दर्शाता है कि सरकार को ईंधन खपत वैश्विक आर्थिक दबाव और ऊर्जा प्रबंधन को लेकर गंभीर चिंता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने यह बात तेलंगाना राज्य की राजधानी हैदराबाद में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान कही जहाँ उन्होंने पश्चिम एशिया में चल रहे तनाव, बढ़ती कच्चे तेल की कीमतों और वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं का उल्लेख करते हुए लोगों से वर्क फ्रॉम होम वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग और डिजिटल कार्य प्रणाली को बढ़ावा देने कि अपील की थी। उन्होंने कहा कि यदि देश की आर्थिक स्थिति वास्तव में मजबूत होती तो सरकार को जनता से बार बार पेट्रोल बचाने, सोना न खरीदने और घर से काम करने जैसी सलाह देने की आवश्यकता नहीं पड़ती।

### समय सीमा प्रकरणों की समीक्षा बैठक आयोजित



**मैहर ( ब्यूरो )।** कलेक्टर श्रीमती बिदिशा मुखर्जी ने बुधवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समय सीमा प्रकरणों की समीक्षा बैठक में जनसुनवाई एवं सीएम हेल्पलाइन के लंबित प्रकरणों सहित विभागीय कार्यों की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा. निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ शैलेन्द्र सिंह, अपर कलेक्टर सुश्री संजना जैन, एसडीएम श्रीमती दिव्या पटेल, एसडीएम अमरपाटन डॉ. आरती सिंह, एसडीएम रामनगर शिवप्रकाश मिश्रा, डिप्टी कलेक्टर आशिमा पटेल, सीएमओ श्रीमती सुषमा मिश्रा एवं महिला बाल विकास अधिकारी राजेंद्र बांगरे सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### नवविवाहिता ने घर में लगाई फांसी, मौत

**अनूपपुर।** मध्य प्रदेश के अनूपपुर जिला मुख्यालय के पुरानी बस्ती में बुधवार की दोपहर 21 वर्षीय नवविवाहिता हेमा वंशकार पति राज वंशकार ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों ने आनन-फानन में हेमा को इलाज के लिए जिला चिकित्सालय पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। चिकित्सालय से मिली सूचना पर पुलिस सहायता केंद्र ने शव का पंचनामा तैयार कर पोस्टमार्टम के लिए सुरक्षित रखवा दिया। नवविवाहिता का मामला होने के कारण शाम को डिप्टी कलेक्टर प्राशी अग्रवाल और नायब तहसीलदार एमडी चक्रवर्ती ने परिजनों के बयान दर्ज करवाए और पीएम की प्रक्रिया पूरी कराई।

परिजनों के अनुसार, हेमा की शादी लगभग एक साल पहले राज वंशकार से हुई थी। घटना से दो दिन पहले ही वह अपने पति के साथ कोतमा स्थित एक रिश्तेदार के घर से वापस लौटी थी। दोपहर में अज्ञात कारणों से उसने अपने घर में फांसी लगा ली।

परिजनों ने बताया कि घटना से पहले हेमा ने मोबाइल फोन पर किसी से बात की थी। घटना के समय पति किसी काम से बाजार गया हुआ था और घर में कोई अन्य सदस्य मौजूद नहीं था। परिजनों के मुताबिक, फंदे से नीचे उतारने के बाद वह जीवित थी और उसकी सांसें चल रही थीं, लेकिन अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

दोपहर 3:30 बजे मायका पक्ष के जिला अस्पताल पहुंचने के बाद पुलिस ने परिजनों के बयान दर्ज किए और शाम पोस्टमार्टम की कार्रवाई शुरू की। इस दौरान मायके पक्ष ने घटना पर नाराजगी जताई।

# नागरिकों की समस्याओं का समयबद्ध निराकरण सर्वोच्च प्राथमिकताः महापौर

### महापौर ने विभिन्न शाखाओं से संबंधित 30 आवेदनों पर की सुनवाई

**कटनी ( ब्यूरो )।** नगर पालिक निगम कटनी द्वारा आमजन की समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी निराकरण के उद्देश्य से प्रत्येक मंगलवार को आयोजित की जा रही महापौर जनसुनवाई नागरिकों के लिए एक सशक्त एवं भरोसेमंद मंच के रूप में निरंतर प्रभावी साबित हो रही है। मंगलवार को मेयर इन काउंसिल सभागार में आयोजित जनसुनवाई में शहर के विभिन्न वार्डों से बड़ी संख्या में नागरिक अपनी समस्याओं एवं शिकायतों को लेकर पहुंचे। जनसुनवाई के दौरान नागरिकों द्वारा पेयजल, साफ-सफाई, सड़क मरम्मत, नाली निर्माण, अतिक्रमण, स्ट्रीट लाइट, राजस्व प्रकरण एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं से संबंधित कुल 30 आवेदन प्रस्तुत किए गए।

महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने जनसुनवाई में उपस्थित प्रत्येक नागरिक की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना तथा संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर त्वरित एवं समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नगर निगम का उद्देश्य नागरिकों को उनकी समस्याओं के समाधान हेतु सरल, पारदर्शी एवं जवाबदेह व्यवस्था उपलब्ध कराना है, ताकि आमजन को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े। जनसुनवाई के दौरान कई आवेदनों पर मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी कर कार्यवाही प्रारंभ कराई गई। महापौर श्रीमती सूरी ने अधिकारियों से कहा कि प्राप्त सभी आवेदनों पर संवेदनशीलता के साथ कार्यवाही करते हुए निराकरण की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए तथा नागरिकों को समाधान की जानकारी भी समय पर उपलब्ध कराई जाए। महापौर ने कहा कि जनसुनवाई के माध्यम से नागरिकों को सीधे प्रशासन के समक्ष अपनी बात रखने का अवसर मिल रहा है, जिससे समस्याओं के समाधान की प्रक्रिया अधिक प्रभावी एवं पारदर्शी बनी है। उन्होंने आमजन से अपील की कि नगर निगम द्वारा संचालित इस जनहितकारी पहल का अधिक से अधिक लाभ उठाएं तथा अपनी समस्याओं के निराकरण हेतु जनसुनवाई में सहभागिता सुनिश्चित करें। जनसुनवाई में नगर निगम की विभिन्न शाखाओं के अधिकारी उपस्थित रहे, जिससे प्राप्त आवेदनों पर त्वरित कार्रवाई प्रारंभ की जा सकी। इस दौरान निगम अधिकारियों एवं कर्मचारियों की सक्रिय उपस्थिति रही।



### फिल्म शूटिंग की अनुमति के लिए श्री मिश्रा, अपर कलेक्टर नोडल अधिकारी नियुक्त

**कटनी ( ब्यूरो )।** फिल्म पर्यटन नीति 2025 में निहित प्रावधानों के अनुसार कलेक्टर श्री आशीष तिवारी ने जिले में फिल्म शूटिंग की अनुमति के लिए अपर कलेक्टर नीलांबर मिश्रा को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। श्री मिश्रा फिल्म पर्यटन नीति के क्रियान्वयन हेतु जिला स्तर पर आवश्यक सहयोग एवं समन्वय करेंगे। प्रबंध संचालक मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड भोपाल द्वारा मध्यप्रदेश फिल्म पर्यटन नीति 2025 लागू किए जाने के फलस्वरुप फिल्म निर्माताओ के लिए मध्यप्रदेश को पहली पसंद बनाना तथा फिल्मों की शूटिंग की समस्त प्रक्रियाओं को सरलीकृत करना है। ऐसा होने से प्रदेश में निवेश एवं रोजगार के अवसरों में वृद्धि होगी।

## जलगंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत गरबधा तालाब में श्रमदान




**मैहर ( ब्यूरो )।** जिला कलेक्टर विदिशा मुखर्जी के निर्देशन में बुधवार को जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत गरबधा तालाब में जन अभियान परिषद मैहर की नवांकुर संस्थाएं, नगर प्रस्फुन समित वार्ड नंबर 4 एवं वार्ड नंबर 15, मुख्यमंत्री समुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के मेम्बर्स, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं स्वयंसेवी संस्थाओं की सहभागिता में श्रमदान कर तालाब की स्वच्छता की गई। उपस्थित सभी सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं स्वयंसेवी संस्थाओं द्वारा शपथ लेकर तालाब के घाट को स्वच्छ एवं जल को निर्मल करने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर समन्वयक प्रदीप तिवारी, सविता शर्मा, मनोज शुक्ला, कल्पना सिंह, पुनीत मैनी, शिवकुमार पटेल एवं राजकुमार विश्वकर्मा की सहभागिता रही।

## स्टेट बार चुनाव में 122 प्रत्याशियों का भाग्य मतपेटी में कैद





### कटनी में उत्साहपूर्ण मतदान, भीषण गर्मी के बावजूद अधिवक्ताओं में दिखा जोश

**कटनी ( ब्यूरो )।** मध्यप्रदेश स्टेट बार काउंसिल के चुनाव हेतु कटनी में मतदान प्रक्रिया संपन्न कराई गई। मंगलवार की सुबह से ही अधिवक्ता अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए मतदान केंद्रों पर पहुँचने लगे थे। विशेष बात यह रही कि इस बार मतदान को लेकर युवा अधिवक्ताओं और महिला अधिवक्ताओं में जबरदस्त सक्रियता देखी गई। दोपहर की भीषण गर्मी और बढ़ते तापमान के बावजूद, अधिवक्ताओं की कतारें कम नहीं हुईं और वोटिंग को लेकर भारी उत्साह बना रहा। मतदान प्रक्रिया में शहर के प्रमुख अधिवक्ताओं और गणमान्य नागरिकों ने हिस्सा लिया। इनमें मुख्य रूप से वरिष्ठ अधिवक्ता मिथलेश जैन, बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अमित शुक्ला, पूर्व अध्यक्ष राजेश दीक्षित, हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के संयुक्त सचिव योगेश सोनी, प्रमोद मिश्रा, प्रमोद तिवारी, विवेक गोल्डन पांडे, भूपेश जायसवाल, हिमांशु शर्मा एवं मीना बघेल आदि ने मतदान किया। वोटिंग की शुरुआत अधिवक्ता और पूर्व महापौर श्रीमती राजकुमारी जैन ने पहला वोट डालकर की। इस चुनाव में कुल 122 प्रत्याशी भाग्य आजमा रहे है। इनमें से 23 सदस्यों का चुनाव किया जाना है। चुनाव प्रक्रिया को निष्पक्ष और व्यवस्थित बनाए रखने के लिए प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद नजर आया।

## कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ




**मैहर ( ब्यूरो )।** जगत कल्याण हेतु संगीतमई श्रीमद् भगवत कथा का शुभारंभ बुधवार को 101 कलश यात्रा के साथ किया गया। जिसका शुभारंभ विधिवत पूजन अर्चण कर हनुमान मंदिर पावर हाउस अमड़ा से ढोल नगाड़ो एवं रथयात्रा से किया गया। यह आयोजन कटनी तिराहा बायपास स्थित संगीता सुशील कुमार बाजपेयी के आयोजकत्व में किया जा रहा है। कलश यात्रा उपरांत प्रथम दिवस ब्यासपीठ आचार्य रामेश्वर नारायण जी महाराज द्वारा कथा का महात्म सुनाया गया। कलश यात्रा में प्रमुख रूप से आचार्य रामेश्वर नारायण जी महाराज, श्याम बाजपेयी, कृष्णाधार शर्मा, गोपाल बाजपेयी, शरद बाजपेयी, बीरेन्द्र द्विवेदी, राजकुमार शर्मा, सुशील गंगेले, एलके बाजपेयी, सूरज एवं आशीष सहित काफी संख्या में गणमान्य नागरिक शामिल रहे।

## स्थायी एवं अस्थायी कब्जे का हटाया गया अतिक्रमण

**कटनी ( ब्यूरो )।** नगर में सुगम यातायात व्यवस्था, नागरिक सुविधाओं एवं आगामी वर्षा ऋतु के दौरान निर्बाध जल निकासी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से नगर निगम प्रशासन द्वारा बुधवार को सिल्वर टॉकीज रोड स्थित व्यस्ततम खोवा मंडी क्षेत्र में व्यापक अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। निगम प्रशासन की अतिक्रमण टीम द्वारा की गई इस कार्रवाई के दौरान सड़क एवं नालियों के ऊपर अनाधिकृत रूप से निर्मित दीवार, प्लेटफॉर्म, पट्टी, टीन शेड, तरपाल सहित अन्य स्थायी एवं अस्थायी अतिक्रमण हटाए गए। अभियान के अंतर्गत लगभग 9 दुकानों के सामने से अतिक्रमण हटाकर मार्ग को व्यवस्थित एवं आवागमन के लिए सुगम बनाया गया। कार्यवाही के दौरान रोड के दोनों ओर से लगभग 3 -3 फुट के स्थल को अतिक्रमण मुक्त किया गया। जिससे मार्ग में अतिरिक्त 6 फुट का स्थल आवागमन हेतु उपलब्ध होगा।



निगम प्रशासन ने स्पष्ट किया कि सड़क और नालियों पर किए गए अतिक्रमण न केवल यातायात व्यवस्था को बाधित करते हैं, बल्कि वर्षा ऋतु के दौरान जल निकासी में अवरोध उत्पन्न कर जलभराव जैसी समस्याओं को भी बढ़ावा देते हैं। इसी को दृष्टिगत रखते हुए निगम द्वारा ऐसे क्षेत्रों को चिन्हित कर लगातार कार्रवाई की जा रही है, जहां अतिक्रमण के कारण नागरिकों को असुविधा का सामना करना पड़ता है। अतिक्रमण प्रभारी मानेन्द्र सिंह ने बताया कि कार्रवाई से पूर्व क्षेत्रीय दुकानदारों को सार्वजनिक मार्ग एवं नालियों पर किए गए अस्थायी अतिक्रमण हटाने हेतु चार दिन पूर्व सूचना प्रदान की गई थी। निर्धारित समयावधि के बाद भी अतिक्रमण नहीं हटाए जाने पर निगम अमले द्वारा नियमानुसार कार्रवाई की गई।

निगम प्रशासन ने नागरिकों एवं व्यापारियों से अपील की है कि वे सार्वजनिक मार्ग, नालियों एवं शासकीय भूमि पर किसी प्रकार का अतिक्रमण न करें तथा शहर को स्वच्छ, व्यवस्थित एवं जलभराव मुक्त बनाने में प्रशासन का सहयोग करें। निगम प्रशासन द्वारा यह अभियान आगामी दिनों में भी निरंतर जारी रखा जाएगा ताकि शहर में सुगम आवागमन, बेहतर स्वच्छता और प्रभावी जल निकासी व्यवस्था सुनिश्चित की जा सके।

## तेज रफ्तार कार ने कॉलेज छात्राओं से भरे ई-रिक्शा को मारी टक्कर





### पटवारी ने बुलेरो से पहुँचाया अस्पताल

**कटनी ( ब्यूरो )।** माधवनगर थाना क्षेत्र के झिंझरी चौकी अंतर्गत बिलहरी रोड पर कल एक भीषण सड़क हादसा हो गया। शारदा फैक्ट्री के सामने एक तेज रफ्तार कार ने कॉलेज जा रही छात्राओं से भरे ई-रिक्शा को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। इस भिड़ंत में ई-रिक्शा चालक समेत कई छात्राएं घायल हो गईं, जिससे मौके पर चीख-पुकार मच गई। हादसे के वक्त वहां से गुजर रहे बिलहरी में पदस्थ पटवारी सचिन श्रीवास्तव ने तत्परता दिखाते हुए मानवता का परिचय दिया। उन्होंने तत्काल डायल 112 को सूचना दी और एम्बुलेंस का इंतजार किए बिना अपनी निजी बुलेरो गाड़ी से सभी घायल छात्राओं को जिला अस्पताल पहुंचाया। उनकी इस सक्रियता के कारण घायलों को समय पर इलाज मिल सका।

जानकारी के अनुसार, ई-रिक्शा में सवार होकर छात्राएं गर्ल्स कॉलेज जा रही थीं। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि छात्राएं सड़क पर गिरकर चोटिल हो गईं। सड़क हादसे में दिनेश यादव माया चौधरी, मुस्कान पटेल, कुमकुम रजक, खुशी विश्वकर्मा, सीमा यादव, साधना लोधी व अंजनी लोधी घायल हुए हैं। दुर्घटना को अंजाम देने के बाद अज्ञात कार चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। झिंझरी पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

### भीषण गर्मी का कहर जारी, लू की चेतावनी

**नौतपा के पहले तापमान 42 डिग्री, आंधी-बारिश थमने के बाद गर्मी ने दिखाए तेवर**

**कटनी ( ब्यूरो )।** आंधी और बारिश का दौर थमने के बाद कटनी जिले में गर्मी ने एक बार फिर अपने तेवर दिखाना शुरू कर दिया है। पिछले तीन दिनों से कटनी शहर सहित ग्रामीण अंचल क्षेत्रों में सूर्यदेव की प्रचण्ड किरणों से हर कोई हलाकान है। दोपहर में लू का भी दौर जारी है। दोपहर में सड़कें सूनसान नजर आ रही, जबकि बाजार देर रात तक गुलजार है। मौसम विभाग ने हीट वेव चलने का भी अलर्ट जारी किया है। गौरतलब है कि प्रदेश में 30 अप्रैल से 10 मई तक लगातार आंधी और बारिश का दौर देखने को मिला। पश्चिमी विक्षोभ, चक्रवात और ट्रफलाइन के असर से मई के शुरुआती दिनों में मौसम बदला रहा लेकिन अब गर्मी ने दोबारा रफ्तार पकड़ ली है। मौसम विभाग ने लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है। विभाग ने पर्याप्त पानी पीने, शरीर को हाइड्रेट रखने के साथ ही दोपहर की तेज धूप से बचने और हल्के रंग के सूती कपड़े पहनने की अपील की है। बच्चों और बुजुर्गों को विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी गई है।

### 48 घंटे में सुलझी अंधे कत्ल की गुत्थी, पत्नी ने की थी पति की हत्या

**सागर।** मध्य प्रदेश के सागर जिले के केसली थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मंगेला में हुए सनसनीखेज हत्याकांड का पुलिस ने 48 घंटे के भीतर बुधवार को खुलासा कर दिया है। पुलिस जांच में मृतक की पत्नी ही हत्या की आरोपी निकली, जिसे गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस के अनुसार 7 मई 2026 को ग्राम मंगेला निवासी हेमराज गौड़ ने थाना केसली में सूचना दी थी कि उसका भाई संजय उर्फ संजू गौड़ खेत में गंभीर रूप से घायल अवस्था में पड़ा है। उसके सिर पर गहरी चोट के निशान थे।


**कार्यालय नगर पालिका परिषद मैहर, जिला- मैहर (म.प्र.)**

Phone- (07674) 232054, Fax- (07674) 232288, E-mail – mcmaihar@gmail.com

क्रमांक/ 406 /न.पा./स्वा. शा. /2026-27 मैहर, दिनांक 08/05/2026

**द्वितीय निविदा सूचना**

निम्नानुसार कार्य हेतु पंजीकृत फर्म / ठेकेदार जो निविदा मानदण्ड को पूर्ण करते हों, से ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| क्र0 | टेंडर नंबर | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 506865 | वर्ष 2026-27 हेतु निकाय के वाहनों में इंजन एवं इटरनल पार्ट आदि संबंधी मरम्मती कार्य | 2,500,000.00 | 18,800.00 | 5,000.00 | कार्यादेश से 12 माह |

शर्तें :-

1- निविदा पत्र दिनांक 13/05/2026 समय 10 बजे से दिनांक 28/05/2026 समय 18 बजे तक ऑनलाइन प्राप्त कर सकते हैं।


2- निविदा प्रपत्र क्रय व डाउनलोड करने एवं निविदा से संबंधित समस्त शर्तें एवं जानकारी वेबसाइट www.mptenders.gov.in पर अवलोकन कर सकते हैं। निविदा में किसी प्रकार का संशोधन केवल वेबसाइट पर ही प्रकाशित किया जायेगा।

3- किसी भी प्रकार जानकारी के लिए नगर पालिका परिषद मैहर से संपर्क कर सकते हैं।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद मैहर

# पीएम आवास की दूसरी किस्त के नाम पर हितग्राही ने सचिव पर लगाए गंभीर आरोप

**दमोह ( ब्यूरो )।** जिले की जनपद पंचायत दमोह अंतर्गत ग्राम पंचायत दसोंदा के गांव जुझारघाट में प्रधानमंत्री आवास योजना को लेकर गंभीर अनियमितताओं और रिश्वतखोरी के आरोप सामने आए हैं। गांव के एक हितग्राही ने पंचायत सचिव पर प्रधानमंत्री आवास योजना की दूसरी किस्त जारी करने के एवज में दस हजार रुपये मांगने का आरोप लगाया है। मामला सामने आने के बाद क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है और ग्रामीणों में आक्रोश देखने को मिल रहा है। हितग्राही अर्जुन सिंह लोधी पिता लाल सिंह लोधी ने बताया कि उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत अपने मकान की नींव पहले ही डाल दी थी। इसके बाद उन्होंने ग्राम पंचायत सचिव गोविंद अहीरवाल से आवास निर्माण के लिए स्थल स्वीकृति और दूसरी किस्त जारी करने की बात कही। आरोप है कि सचिव ने साफ शब्दों में कहा कि ꘡खर्चा-पत्ता लगेगा꘡ और इसके लिए बीस हजार रुपये की मांग की गई। हितग्राही द्वारा राशि कम करने की बात कहने पर सचिव कथित रूप से दस हजार रुपये लेने पर तैयार हुआ। हितग्राही के अनुसार सचिव ने आवास निर्माण स्थल की फोटो खींच ली और दो दिन के भीतर पैसे देने का दबाव बनाया। लेकिन इसी बीच परिवार में स्वास्थ्य संबंधी समस्या आने से हितग्राही के पास रुपये की व्यवस्था नहीं हो सकी। हितग्राही ने सचिव से दस दिन का समय मांगा, लेकिन ग्यारहवें दिन पंचायत का चपरासी रामसू उर्फ रमेश रैकवार उसके घर पहुंचा और पांच हजार रुपये लेकर चला गया। आरोप है कि चपरासी ने बाकी राशि जल्द देने का दबाव बनाते हुए कहा कि इस सप्ताह पूरा पैसा कर देना। हितग्राही का आरोप है कि पूरी रकम नहीं देने के कारण अब तक प्रधानमंत्री आवास योजना की दूसरी किस्त




जारी नहीं की जा रही है। वहीं गांव में सड़क की सुविधा नहीं होने के कारण बरसात के दिनों में निर्माण सामग्री पहुंचना भी मुश्किल हो जाएगा। ऐसे में अधूरा मकान और बारिश के मौसम में परिवार के खुले आसमान के नीचे रहने की आशंका ने पीड़ित परिवार की चिंता बढ़ा दी है। ग्रामीणों का कहना है कि शासन द्वारा गरीबों को पक्के मकान उपलब्ध कराने के उद्देश्य से चलाई जा रही प्रधानमंत्री आवास योजना में यदि इस तरह रिश्वत की मांग की जाएगी तो गरीब परिवार योजना का लाभ कैसे उठा पाएंगे। गांव के लोगों ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है।

सोशल मीडिया पर मामला उठाने के बाद बढ़ा विवाद.. हितग्राही ने बताया कि हाल ही में तेजगढ़ ग्राम पंचायत में एक सचिव के रिश्वत लेते पकड़े जाने की खबर सोशल मीडिया पर वायरल हुई थी। इसी बात का जिक्र जब उसने ग्राम पंचायत दसोंदा के सचिव गोविंद अहीरवाल से किया तो सचिव कथित रूप से नाराज हो गया और कड़े शब्दों में बात करने लगा। हितग्राही का आरोप है कि सचिव ने कहा कि तुम पंचायत आओ और अपनी कुटीर बनवा ही लेना। पीड़ित हितग्राही ने आशंका जताई है कि यदि उसे किसी प्रकार की जनहानि या परेशानी होती है तो इसकी जिम्मेदारी ग्राम पंचायत सचिव की होगी। मामले को लेकर ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से जांच कर कार्रवाई करने की मांग की है ताकि गरीब हितग्राहियों को बिना रिश्वत दिए शासन की योजनाओं का लाभ मिल सके। ग्रामीणों ने उठाई जांच की मांग. ग्रामीणों का कहना है कि प्रधानमंत्री आवास योजना गरीबों के सपनों का सहारा है, लेकिन यदि पंचायत स्तर पर भ्रष्टाचार और लेनदेन का खेल चलता रहा तो जरूरतमंद परिवारों तक योजनाओं का लाभ पहुंचना मुश्किल हो जाएगा। ग्रामीणों ने जिला कलेक्टर और जनपद पंचायत अधिकारियों से मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कठोर कार्रवाई की मांग की है।

## टावर पर चढ़े सिरफिरे युवक ने मंत्रीजी से की नौकरी और छोकरी की डिमांड, घंटों चला हाई वोल्टेज ड्रामा

**दमोह ( ब्यूरो )।** जिले में बेरोजगारी के साथ बीवी नहीं मिलने की मारामारी इतनी अधिक बढ़ गई है कि अब कुंवारे ग्रामीण युवकों को शादी और रोजगार के लिए फिल्मी स्टाइल में विद्युत टावर पर चढ़कर अपनी डिमांड रखना पड़ रही है। तीन दिन पहले मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी के क्षेत्र में एक युवक के टावर पर चढ़ जाने का मामला अभी ठंड भी नहीं पड़ा था कि आज जिले के दूसरे मंत्री लखन पटेल के क्षेत्र में एक युवक ने टावर पर चढ़कर रोजगार तथा बीवी दिलाने मंत्री जी से बात कराने की डिमांड रख दी। बटियागढ़ ब्लॉक अंतर्गत फुटेरा गांव में मंगलवार को हाई वोल्टेज ड्रामा देखने मिला। जब एक युवक शादी की जिद को लेकर करीब 150 फीट ऊंचे टावर पर चढ़ गया। युवक की मांग थी कि उसकी शादी कराई जाए और उसे रोजगार करने 50 हजार रुपये दिए जाएं। सूचना मिलते ही लोगो की भीड़ एकत्रित ही गई तथा सूचना लगने पर पुलिस भी पहुच गई।



बाद में चौकी प्रभारी आनंद अहिरवार ने उसे बातों में बहला कर तथा मंत्री लखन पटेल से बात कराने का भरोसा देकर करीब 3 घंटे बाद टावर से नीचे उतरवाया गया। बाद में भाजपा मंडल उपाध्यक्ष अमित व्यास ने अपने मोबाइल से सिरफिरे युवक की मंत्री लखन पटेल से बात कराई। मंत्री जी ने उसे काम धंधे के जरिए रोजगार हेतु मदद करने का भरोसा दिलाया। जब युवक का कहना था कि बेरोजगारी के चलते उसकी शादी नहीं हो पा रही है। यदि उसका काम धंधा शुरू हो जाए तो शादी भी हो जाएगी और बच्चे भी। मंत्रियों के क्षेत्र में एक के बाद एक इस तरह की स्थिति सामने आने से अंदाज़ लगाया जा सकता है कि क्षेत्र के बेरोजगार कुंवारे युवकों की अपने जनप्रतिनिधियों से अपेक्षाएं बहुत अधिक बढ़ गई है लेकिन उनके पूरे नहीं हो अपने पर उनको इस तरह का ड्रामा करना पड़ रहा है।

## तेंदूखेड़ा क्षेत्र में मुरम के विवाद में रात के अंधेरे में गोलियां चलने से एक की जान गई

**दमोह ( ब्यूरो )।** जिले भर में लंबे समय से मुरम का अवैध खनन व परिवहन प्रभावशाली लोगों द्वारा बेरोकटोक धड़ल्ले से किया जा रहा है। इस दौरान पहाड़ों से लेकर खेतों तक तथा वन भूमि से लेकर राजस्व भूमि तक जिसे जहां मौका मिल रहा है खनन करके गहरी खाई बनाकर छोड़ दिया जाता है। खनिज वन तथा राजस्व विभाग की जिम्मेदार अधिकारी कर्मचारियों की मिली भगत के बिना यह सब संभव नहीं है। वही नवागत कलेक्टर प्रताप नारायण यादव द्वारा दिए गए सख्त कार्रवाई के निर्देशों के बाद भी मुरम के अवैध खनन परिवहन का दौर जारी है। ऐसे ही कुछ हालातो के बीच तेंदूखेड़ा ब्लॉक के सेहरी गांव में बीती रात मुरम को लेकर एक ही समाज के दो पक्ष आमने-सामने आ गए। इसके बाद एक पक्ष के द्वारा गोलियां चलाकर दूसरे पक्ष के एक व्यक्ति की जान ले ली गई। घटना की जानकारी लगने पर पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक जांच कार्रवाई शुरू करते हुए पीड़ित पक्ष को कार्रवाई का भरोसा दिलाने की कोशिश की।जबकि एसपी आनंद कलदगी का कहना है कि मौत गोी लगने से नहीं हार्ट अटैक से हुई है। हालांकि मौत के कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा। घटना के संदर्भ में प्राप्त जानकारी के अनुसार तेंदूखेड़ा थाना क्षेत्र के सेहरी गांव में मुरम डंप के विवाद में गोलीबारी किया घटनाक्रम सामने आया है। जिसमे चंद्रभान यादव नाम के व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद मृतक चंद्रभान यादव के परिजनों का आरोप है कि आरोपी दिनेश यादव फॉरेस्ट की जमीन पर अवैध कब्जा किये हुये है। जहां बने ढाबा पर दबंगई के साथ आरोपी दिनेश ने जवाहर यादव को मुरम डंप करने के लिए डराया धमकाया था। लेकिन विवाद की आशंका के चलते जवाहर ने मुरम डालने से मना कर दिया तो विवाद बड़ गया और आरोपी पक्ष में ताबड़तोड़ फायरिंग करना शुरू कर दी। इस फायरिंग में गोली लगने से चंद्रभान की मौके पर ही मौत हो गई। आनन फानन में घटना की सूचना तेंदूखेड़ा पुलिस को लगी तो मौके पर पहुचीं पुलिस ने मृतक के शव को उठवाकर मर्चुरी में रखवाकर बुधवार को जांच कार्रवाई शुरू कर दी है। वही शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया है। पूरे घटनाक्रम को लेकर पीड़ित परिजनों द्वार दूसरे पक्ष के अनेक लोगों पर अनेक गंभीर आरोप लगाए जा रहे हैं।

## 16 वर्षीय बालिका के साथ बलात्कार करने वाले आरोपी को 20 वर्ष की सजा

**पिपरिया ( ब्यूरो ) ।** द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश अर्चना रघुवंशी के न्यायालय ने नाबालिग 16 वर्षीय बालिका के साथ बलात्कार करने के आरोप में 20 वर्ष की सजा सुनाई। बलात्कार के मामले में न्यायालय ने यह फैसला 2 वर्ष 10 महीने 10 दिन में सुनाया। मामले में अभियोजन द्वारा न्यायालय में 14 अभियोजन साथियों के साक्षात कराए गए । विशेष लोक अभियोजक एवं एडीपीओ चौधरी विक्रम सिंह ने बताया कि अभियोक्त्री के पिता ने दिनांक29जून 23 को आरक्षी केन्द्र बनखेडी में उपस्थित होकर रिपोर्ट लेखबद्ध कराई कि उसकी पुत्री पीड़ित बालिका उम्र 16 वर्ष उसके पिता के साथ रहती है। जो कक्षा दसवीं में पढ़ती है। घटना दिनांक.28जून 23 को शाम लगभग 7 बजे उसके पिता द्वारा उसे फोन से यह सूचित किया गया कि पीड़िता मार्कशीट लेने स्कूल जाने का कहकर दोपहर लगभग 2 बजे गई थी जो घर वापस नहीं आई। उसे आस.पास रिश्तेदारों में तलाश किये जाने पर उसका कोई पता नहीं चला। इसलिये उसने अज्ञात व्यक्ति के विरूद्ध उसे बहला फुसलाकर ले जाने के संदर्भ से गुम इंसान सूचना दर्ज कराये जाने पर उसके आधार पर थाना बनखेड़ी में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में विवेचना के दौरान दिनांक.29जून 23 को अभियोक्त्री को दस्तयाब कर उसके कथन लेखबद्ध किये गये। पीड़िता बालिका ने अपने कथनों में बताया कि आरोपी दीपक ने उसे जबरदस्ती गाड़ी पर बैठाकर एक टपरिया में ले गया वहां ले जाकर आरोपी ने उसके साथ गलत काम किया और उसे रातभर टपरिया में ही रोक कर रखा। संपूर्ण विवेचना उपरांत आरोपी दीपक ठाकुर के विरूद्व धारा 363,366, 376 (2)एन, 376(3),342,506 भाग 02 भादंवि तथा धारा.5 सहपठित धारा.6 लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 के तहत अभियोग पत्र न्यायालय मे पेश किया गया था।

## झिरिया स्थित तालाब में नहाने के दौरान हादसा एक युवक डूबा दूसरे ने तैरकर बचाई जान

**पिपरिया ( ब्यूरो )।** नगर के नजदीकी ग्राम झिरिया के तालाब में नहाने के दौरान एक युवक डूब गया वहीं दूसरे युवक ने तैरकर अपनी जान बचाई। प्राप्त जानकारी के अनुसार पचमढ़ी निवासी दो युवक अपनी ससुराल ग्राम झिरिया आए हुए थे। दोनों युवक सुबह करीब 6 बजे झिरिया स्थित तालाब में नहाने गए। जिसमें एक युवक विजय पिता सुरेश भारती 25 वर्ष निवासी पचमढी गहरे पानी में चला गया। वही शौंच के लिए आए दिनेश ने युवको को तालाब में डूबते हुए देखा तो उसने तालाब में कूंदकर शंकर पिता फागू लाल भारती 25 वर्ष





को बाहर निकाला। जब तक वह दूसरे युवक को बचा पाता तब तक काफी देर हो चुकी थी दूसरा युवक ज्यादा गहरे पानी में चला गया और डूब गया। मामले की सूचना मिलते ही स्टेशन रोड पुलिस के एएसआई पंकज नामदेव,आरक्षक दीपक पारासर व 112 डायल ने मौके पर पहुंचकर तालाब में गोताखोरों की मदद से करीब पांच घंटे तक युवक की तलाश की लेकिन नहीं मिलने पर नर्मदापुरम (होशंगाबाद) से एसडीईआरएफ की टीम को बुलाना पड़ा। एसडीईआरएफ की टीम लगभग दो बजे मौके पर पहुंची और देर शाम तक तालाब में युवक की तलाश की । युवक को तालाब में डूबे हुए करीब 12 घंटे व्यतीत हो चुके हैं। मौके पर स्टेशन रोड पुलिस,नायब तहसीलदार नीरज सिंह सहित एसडीईआरएफ शिवराज चौधरी प्लाटून कमांडर ,नगर सैनिक खडगराम सहित उनकी टीम मौजूद है। खबर लिखे जाने तक युवक की तलास की जा रही थी।

## कमिश्नर कलेक्टर ने किया जनपद कार्यालय का औचक निरीक्षण

**पिपरिया ( ब्यूरो )।** कमिश्नर श्रीकांत बनोठ व कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने जनपद कार्यालय का निरीक्षण कर अधिकारियों को दिए निर्देश। नर्मदा पुर कमिश्नर का पदभार ग्रहण करने के बाद श्रीकांत बनोठ जनपद कार्यालय की शाखाओं का निरीक्षण कर अधिकारियों कर्मचारियों से जीआर एस वेतन राशि, मनरेगा, मजदूरी भुगतान, सामग्री भुगतान, स्थापना कर्मचारियों के सर्विस रिकॉर्ड ई ऑफिस के माध्यम से सुचारू संचालन को लेकर कर्मचारियों से चर्चा की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सभी कर्मचारियों को पारदर्शी एवं व्यवस्थित रूप से अपनी शाखाओ का कार्य संपादित करने के निर्देश दिए। कमिश्नर ने मनरेगा शाखा का निरीक्षण किया एवं मनरेगा में प्राप्त बजट एवं भुगतान की स्थिति की जानकारी ली और निर्देश दिए की जैसे.जैसे कार्य पूर्ण होते जाए वैसे.वैसे कार्यों का भुगतान सुनिश्चित किया जाए। अनावश्यक रूप से भुगतान न रोका जाए। उन्होंने विकास शाखा, सामाजिक न्याय



शाखा का निरीक्षण कर बजट एवं योजनाओं की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली। प्रधानमंत्री आवास शाखा के निरीक्षण के दौरान उन्होंने पूर्ण एवं अपूर्ण आवासो से संबंधित जानकारी ली।

### एक ही गाड़ी पूल कर अधिकारी निकले निरीक्षण पर-

निरीक्षण के दौरान कमिश्नर श्रीकांत बनोठ,कलेक्टर सोमेश मिश्रा एवं जिला पंचायत सीईओ हिमांशू जैन ने कार पूल कर एक ही गाडी से निरीक्षण संपन्न किया। इसी प्रकार अनुविभागीय अधिकारी आकिप खान ने भी तहसीलदार एवं अन्य अमले के साथ एक ही गाडी का उपयोग निरीक्षण के दौरान किया। निरीक्षण के दौरान जनपद अध्यक्ष संध्या सिंगारे, अनुविभागीय राजस्व अधिकारी आकिप खान, तहसीलदार वैभव बैरागी,जनपद सीईओ प्रबल अरजरिया सहित संबंधित अधिकारी गण उपस्थित रहे।


कार्यालय नगर पालिका पिपरिया, जिला–नर्मदापुरम् (म.प्र.)
Municipal Council Pipariya Distt-Narmadapuram

पं.दीनदयाल उपाध्याय पार्क के बाजू में, तिलक वार्ड, पिपरिया
फोन नं. 07576–222041
पिन–461775
EMail- cmopipariya@mpurban.gov.in

क्रमांक / न.पा. / राजस्व / **2026/239** पिपरिया दिनांकः– **12.05.2026**

**// ई-निविदा आमंत्रण सूचना //**

एतद्‌द्वारा सूचित किया जाता है की तालिका में वर्णित कार्यकाल नगर पालिका परिषद् पिपरिया द्वारा अस्थायी वाहन पार्किंग वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | टेंडर क्र. | पार्किंग स्थल का नाम | कार्य की समयावधि | कार्य की अनुमानित लागत | धरोहर राशि | निविदा फार्म शुल्क |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2026_UAD_506897_1 | अस्थायी वाहन पार्किंग आर एन ए के सामने (RNA गेट से कॉलेज गेट तक) | वित्तीय वर्ष 2026-27 | 0.50 लाख | 2000 /- | 1000/- |
| 2 | 2026_UAD_506897_2 | अस्थायी वाहन पार्किंग पुरानी गल्ला मंडी (गल्ला मंडी सीमा तक) | | 1.10 लाख | 2200 /- | 1000/- |
| 3 | 2026_UAD_506897_3 | अस्थायी वाहन पार्किंग मंगलवारा थाने के पास (प्याऊ से सार्वजानिक शौचालय तक) | | 1.25 लाख | 2500 /- | 1000/- |

**// समय तालिका //**

| क्रमांक | विवरण | दिनांक |
|---|---|---|
| 1 | टेंडर फार्म लेने की तिथि | 12.05.2026 17:30 PM |
| 2 | टेंडर फार्म लेने एवं दर लिए जाने की अंतिम तिथि | 26.05.2026 17:30 PM |
| 3 | प्रपत्र, इत्यादि का लिफाफा ए खोलने की तिथि | 28.05.2026 10:00 AM |
| 4 | निविदा दर खोले जाने की तिथि | Will be provided later |

नोट- नगरीय प्रशासन एवं विकास भोपाल की वेबसाइट **https://mptenders.gov.in** पर देखि जा सकती है I किसी भी प्रकार का संसोधन केवल ऑनलाइन वेबसाइट पर प्रदर्शित किया जावेगा, समाचार पत्र में कोई संसोधन प्रकाशित नही किया जावेगा
1.अन्य आवश्यक शर्ते नगर पालिका परिषद पिपरिया के राजस्व शाखा से लेवें।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद् पिपरिया


## » न्यूज कैप्सूल »

### आम व नींबू के विभिन्न वैरायटियो का निरीक्षण किया कमिश्नर व कलेक्टर ने



**पिपरिया( ब्यूरो )।** नर्मदापुर कमिश्नर श्रीकांत बनोठ व कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने बुधवार को मटकुली के शासकीय उद्यान का निरीक्षण किया। कुल 55 एकड़ में आम की विभिन्न वैरायटी वही 10 एकड़ में नींबू के पौधे लगाए गए हैं। उद्यान निरीक्षक सदाशिव कनाठे ने बताया कि मटकुली के शासकीय उद्यान में 42 प्रकार की आम की वैरायटी जैसे अल्फ ांसो,दशहरी, लंगड़ा, चौसा,मल्लिका, आम्रपाली, बाम्बे ग्रीन लगाई गई है इनमें बाम्बे ग्रीन ढाई सौ से 300 ग्राम एवं मल्लिका आम 1 किलो तक के वजन तक का होता है। इस वर्ष 72 लाख रुपए में शासकीय उद्यान की नीलामी हुई है। शासकीय उद्यान में आम एवं नींबू के पौधे तैयार किए जाते हैं। इच्छुक किसानों को न्यूनतम राशि में विभिन्न वैरायटी के आम एवं नींबू के पौधे उपलब्ध कराए जाते हैं। निरीक्षण के दौरान कमिश्नर एवं कलेक्टर ने उद्यान के रखरखाव की सराहना की और उद्यान अधीक्षक एवं स्टाफको अच्छे से अच्छा कार्य करने की प्रेरणा भी दी। कमिश्नर एवं कलेक्टर ने पंचमढी पहुंच कर रविशंकर भवन का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एसडीएमए तहसीलदारए जनपद सीईओ मौजूद रहे।

### स्वर्गीय श्री माधव सिंह राजपूत जी की प्रथम पुण्यतिथि मनाई

**दमोह ( ब्यूरो )।** स्वर्गीय श्री माधव सिंह राजपूत जी की प्रथम पुण्यतिथि के अवसर पर उनके परिवारजनों द्वारा वृद्धाश्रम पहुंचकर सेवा एवं पुण्य कार्य किए गए। इस दौरान वृद्धजनों को वस्त्र वितरण, अन्नदान एवं आवश्यक सामग्री भेंट कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया गया। परिवारजनों ने बताया कि स्वर्गीय माधव सिंह राजपूत जी सदैव समाज सेवा एवं मानवता के कार्यों में विश्वास रखते थे। उनकी स्मृति में यह सेवा कार्य कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। वृद्धाश्रम के बुजुर्गों ने परिवार की इस नेक पहल की सराहना करते हुए शुभाशीष प्रदान किया।

### भारत विकास परिषद की रानी दमयंती शाखा का शपथ ग्रहण सम्पन्न

**दमोह ( ब्यूरो )।** नगर में भारत विकास परिषद की एक और शाखा का गठन किया गया है। महिला सहभागिता के उद्देश्य से गठित रानी दमयंती शाखा का आज होटल मंगलम में शपथ ग्रहण समारोह भव्यता के साथ सम्पन्न किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि परिषद के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री डी.डी. शर्मा रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री सुनील कोठारी जी, अध्यक्ष मध्य क्षेत्र ने की। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि, श्री सुधीर अग्रवाल, महा सचिव मध्य क्षेत्र श्री रामकृष्ण चौकसे, अध्यक्ष महाकौशल प्रांत, श्री राजीव बिल्थरे, प्रांत महासचिव, श्री शैलेन्द्र जेठा, कोषाध्यक्ष, महाकौशल प्रांत एवं श्रीमति सरोज चौकसे, प्रांतीय महिला प्रमुख, जबलपुर रहे। कार्यक्रम का शुभारम्भ वन्देमातरम् से किया गया जिसका गायन डा. काव्या मिश्रा ने किया। पधारे हुए अतिथियों द्वारा सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों को शपथ ग्रहण कराई गई। रानी दमयंती शाखा की अध्यक्ष डा. किरण गोस्वामी द्वारा शाखा के गठन के उद्देश्यों एवं आगामी प्रकल्पों के बारे में जानकारी दी गई। उन्होनें शाखा के द्वारा प्रारंभ किये जाने वाले नये प्रकल्पों के बारे में जानकारी दी, तथा गतिविधियों को तीव्रता प्रदान करने हेतु सदस्यों की प्रतिबध्दता बताई। कार्यक्रम का संचालन डा. प्रेमलता उपाध्याय द्वारा किया गया। रानी दमयंती शाखा के द्वारा किशोरों एवं युवाओं के लिए एक किशोर मानसिक स्वास्थय एवं जागरूकता अभियान प्रारंभ किया गया है, जिसके बारे में जबलपुर की मनो परामर्श एवं डी.एम.आई.टी. विशेषज्ञ श्रीमति दीपा सिंह ठाकुर द्वारा जानकारी प्रदान की गई। शाखा द्वारा समृध्द ग्राम संकल्प योजना भी संकल्पित की गई, जिसमें ग्राम गुंजी को समग्र विकास हेतु गोद लिया गया। सरपंच, ग्राम गुजी ने परिषद के इस कार्य की सराहना करते हुऐ, समस्त ग्रामवासियों द्वारा उचित सहयोग करने वचन दिया।

## ब्रीफ न्यूज

### मुख्यमंत्री उत्कृष्टता पुरस्कार वर्ष 2026 के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित

**भोपाल।** प्रदेश में शासकीय कार्यप्रणाली में नवाचार, सुशासन और जनसेवा के उत्कृष्ट प्रयासों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से राज्य शासन द्वारा 卐मुख्यमंत्री उत्कृष्टता पुरस्कार卐 (नवाचार हेतु) वर्ष 2026 के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। सामान्य प्रशासन विभाग ने जानकारी दी कि यह पुरस्कार मध्यप्रदेश शासन के विभिन्न विभागों, विभागाध्यक्ष कार्यालयों तथा उनके अधीन कार्यरत निगम, मंडल, बोर्ड एवं संस्थाओं के अधिकारी-कर्मचारियों को उनके नवाचार आधारित उल्लेखनीय कार्यों के लिए प्रदान किया जाएगा।

यह पुरस्कार 01 अप्रैल 2025 से 31 मार्च 2026 की अवधि में किए गए उत्कृष्ट कार्यों के लिये प्रदान किये जायेंगे। ऐसे कार्य जिनसे प्रशासनिक कार्यप्रणाली, सेवा प्रदाय व्यवस्था अथवा जनहित में सकारात्मक और प्रभावी परिवर्तन आया हो।

मुख्यमंत्री उत्कृष्टता पुरस्कार के अंतर्गत नागरिक सेवा प्रदाय, सूचना प्रौद्योगिकी एवं सुशासन, शिक्षा एवं मानव संसाधन विकास, स्वास्थ्य एवं पोषण, अधोसंरचना, सामाजिक समावेश एवं सशक्तिकरण, रोजगार एवं आर्थिक विकास जैसे प्रमुख कार्यक्षेत्रों में किए गए नवाचारों को सम्मानित किया जाएगा।

### मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी की पहल

**भोपाल।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा संपर्क अभियान 2026 का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत 14 मई को शहर वृत्त भोपाल अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों में विशेष शिविर आयोजित किए जाएंगे। इन शिविरों में बिजली उपभोक्ताओं की समस्याओं का मौके पर ही निराकरण किया जाएगा। अभियान का मुख्य उद्देश्य उपभोक्ताओं की शिकायतों का त्वरित समाधान करना और उन्हें बिजली संबंधित विभिन्न सेवाओं और योजनाओं की जानकारी देना है।

संपर्क अभियान के दौरान आयोजित किये जाने वाले शिविरों में उपभोक्ताओं को त्रुटिपूर्ण बिल, मीटर रीडिंग और अन्य बिलिंग संबंधी शिकायतों का तत्काल निराकरण किया जाएगा। साथ ही मात्र 5 रुपये में नवीन ग्रामीण घरेलू एवं कृषि पम्प कनेक्शन प्रदान किये जाएंगे साथ ही भार वृद्धि, नाम परिवर्तन, श्रेणी परिवर्तन, स्थाई कनेक्शन विच्छेदन, अस्थायी कनेक्शन, ई-केवायसी और अनापत्ति प्रमाण-पत्र (ह्रह्रष्ट), बंद/खराब मीटर बदलना, स्मार्ट मीटर संबंधी शिकायतें, सर्विस केबल सुधार, वोल्टेज की समस्या और ट्रांसफार्मर से जु?ी शिकायतों, बिजली बिलों का आंशिक एवं पूर्ण भुगतान, अग्रिम भुगतान पर छूट, बकाया राशि भुगतान, समाधान योजना तथा अन्य जनहितैषी योजनाओं की जानकारी और लाभ प्रदान करने की सुविधाएं मिलेंगी।

### त्वरित सहायता से जहरीले पदार्थ का सेवन करने वाली महिला को समय पर मिला उपचार

**भोपाल।** सिवनी जिले के थाना कुरई क्षेत्र में डायल-112 जवानों की त्वरित प्रतिक्रिया और संवेदनशील कार्यवाही से जहरीले पदार्थ का सेवन करने वाली एक महिला को समय पर अस्पताल पहुँचाकर उपचार दिलाया गया। समय पर मिली सहायता से पीड़ित महिला को तत्काल चिकित्सकीय सुविधा उपलब्ध कराई जा सकी। 13 मई को राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम डायल-112 भोपाल को सूचना प्राप्त हुई कि थाना कुरई क्षेत्र अंतर्गत मोहगाँव तीतरी में एक महिला ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया है। तत्काल पुलिस सहायता की आवश्यकता है। सूचना मिलते ही कुरई थाना क्षेत्र में तैनात डायल-112 को तुरंत घटनास्थल के लिए रवाना किया गया।

### सामाजिक परिवर्तन के वाहक बनें विश्वविद्यालय - मंत्री श्री परमार

**भोपाल।** विद्यार्थियों का सर्वांगीण हित, हमारी प्राथमिकता है। विद्यार्थियों को सरलता और सुलभता से सुविधाएं उपलब्ध हो, इस दिशा में कार्य करने की आवश्यकता है। समस्त विश्वविद्यालयों द्वारा विद्यार्थियों की अंकसूची, उपाधि एवं अन्य शैक्षणिक दस्तावेजों की डिजिलॉकर में उपलब्धता सुनिश्चित की जाए, जिससे विद्यार्थियों को सुरक्षित, प्रमाणित एवं सरल डिजिटल सेवाओं का लाभ मिल सके। साथ ही प्रत्येक विद्यार्थी का स्वयं पोर्टल पर पंजीयन कराते हुए उन्हें उपलब्ध पाठ्यक्रमों में रुचि एवं आवश्यकता अनुसार चयन के लिए प्रेरित कर, शैक्षणिक उन्नयन से जोड़ा जाए। विश्वविद्यालयों के कार्यों का प्रभाव, सामाजिक परिवर्तन की अभिप्रेरणा बने। विश्वविद्यालय, सामाजिक परिवर्तन के वाहक बनें।

# राज्यमंत्री श्रीमती गौर ने निर्माण कार्यों में लापरवाही पर जताई नाराजगी, 31 मई तक 107 छात्रावासों में किचन निर्माण पूर्ण करने के दिए निर्देश

### 15 मई से शुरू होगी शौर्य संकल्प प्रशिक्षण योजना, कोचिंग अध्ययन छात्रवृत्ति योजना की टेंडर प्रक्रिया जल्द पूरी करने के निर्देश दिए

**भोपाल।** पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण तथा विमुक्त, घुमंतू एवं अर्द्धघुमंतू कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्रीमती कृष्णा गौर ने मंत्रालय में आयोजित विभागीय समीक्षा बैठक में टेंडर प्रक्रिया और निर्माण कार्यों में हो रही लेटलतीफी पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की है। राज्यमंत्री श्रीमती गौर ने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि निर्माण कार्यों में लापरवाही किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

बैठक में छात्रावासों में मेस संचालन और किचन निर्माण की धीमी गति पर नाराजगी जताते हुए राज्यमंत्री श्रीमती गौर ने सख्त लहजे में कहा कि निर्माण एजेंसी, ठेकेदारों और विभाग के समन्वय की कमी के चलते योजनाओं में देरी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि 31 मई तक किचन निर्माण कार्य पूर्ण नहीं हुए, तो संबंधित अधिकारियों पर सीधे तौर पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।



#### 15 मई से शुरू होगी शौर्य संकल्प योजना

राज्यमंत्री ने छात्रों के उज्ज्वल भविष्य के लिए अहम योजनाओं को गति देने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि %शौर्य संकल्प प्रशिक्षण योजना-2026% की शुरुआत 15 मई से की जाएगी। इसके तहत 4000 युवाओं को सेना, पुलिस, होमगार्ड एवं अन्य सैन्य बलों में भर्ती के लिए नि:शुल्क और गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण दिया जाएगा। वहीं, %सरदार पटेल कोचिंग अध्ययन छात्रवृत्ति योजना% की टेंडर प्रक्रिया जल्द पूरी करने के निर्देश दिए, ताकि जल्द से जल्द छात्र-छात्राओं को देश के प्रतिष्ठित संस्थानों से शिक्षा पाने का लाभ मिल सके। राज्यमंत्री श्रीमती गौर ने कहा कि 31 चयनित कन्या छात्रावासों को %आदर्श छात्रावास% बनाने से संबंधित सभी निर्माण कार्य हर हाल में 30 जून तक पूर्ण करने और रिक्त सीटों को जल्द भरने के निर्देश दिए।

#### विदेश अध्ययन के लिए सालभर कर सकेंगे आवेदन

बैठक के दौरान राज्यमंत्री श्रीमती गौर ने विदेश अध्ययन छात्रवृत्ति योजना की समीक्षा की। अधिकारियों ने बताया कि वर्ष 2025-26 के लिए 36 विद्यार्थियों का चयन किया गया है। राज्यमंत्री श्रीमती गौर ने चयनित छात्रों की राशि जल्द जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि 15 जून तक पोर्टल में बदलाव कर ऐसा सिस्टम बनाएं जिससे विद्यार्थी सालभर (रोलिंग आधार पर) आवेदन कर सकें। उन्होंने %दिल्ली छात्रगृह योजना% का व्यापक प्रचार-प्रसार करने को भी कहा, ताकि दिल्ली के संस्थानों में पढ़ रहे प्रदेश के अधिक से अधिक ओबीसी विद्यार्थी 10,000 रुपये प्रतिमाह सहायता का लाभ उठा सकें।

#### विमुक्त, घुमंतु, अर्द्धघुमंतू वर्गों को मुख्यधारा से जोड़ रही सरकार

विमुक्त, घुमंतू एवं अर्द्ध-घुमंतू कल्याण विभाग की समीक्षा करते हुए श्रीमती गौर ने कहा कि विभाग द्वारा कराया जा रहा सर्वे आने वाले वक्त में सुखद परिणाम देगा। उन्होंने कहा कि इस समुदाय के लोगों के लिए आवास की सुविधा उपलब्ध करवाने के प्रयासों को गति दें। उन्होंने विभागीय नवाचारों की भी तारीफ की। राज्यमंत्री श्रीमती गौर ने कहा कि स्व-सहायता समूहों (स्॥त्नह्य) के जरिए सरकार इन वंचित वर्गों को समाज की मुख्यधारा में ला रही है। बैठक में विभाग के प्रमुख सचिव डॉ. ई. रमेश कुमार, आयुक्त श्री सौरभ कुमार सुमन, संचालक (विमुक्त, घुमंतु, अर्द्धघुमंतू कल्याण) श्री बुद्धेश वैद्य उपस्थित रहे।

# रेल यात्रियों की सुरक्षा एवं विश्वास का प्रतीक बनी जीआरपी — जबलपुर, ग्वालियर एवं इंदौर

### विगत दो सप्ताह में लगभग 21 लाख रूपये से अधिक की संपत्ति जब्त

### ट्रेन में छूटे लगभग 8 लाख रुपये से अधिक के जेवरों से भरे बैग को जीआरपी इंदौर ने सुरक्षित लौटाया

**भोपाल।** मध्यप्रदेश रेलवे पुलिस द्वारा रेल यात्रियों की सुरक्षा, संपत्ति संरक्षण एवं जनविश्वास कायम रखने के उद्देश्य से लगातार प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में जीआरपी जबलपुर, ग्वालियर एवं इंदौर द्वारा चोरी एवं जेवरात संबंधी मामलों में त्वरित कार्रवाई करते हुए 21 लाख रुपये से अधिक की संपत्ति जब्त की है। वहीं इंदौर जीआरपी ने ईमानदारी एवं तत्परता का परिचय देते हुए यात्री का जेवरों से भरा बैग सुरक्षित लौटाकर सराहनीय उदाहरण प्रस्तुत किया है।



#### जीआरपी जबलपुर

थाना जबलपुर द्वारा रनिंग ट्रेनों एवं रेलवे स्टेशन क्षेत्र में चलाये जा रहे विशेष चेकिंग अभियान के दौरान एक शातिर आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से सोने का मंगलसूत्र, चेन, बाली, लॉकेट एवं चांदी की पायल सहित लगभग 2 लाख 85 हजार रूपये की संपत्ति जब्त की है।

एक अन्य कार्यवाही में जबलपुर की टीम द्वारा एक महिला चोर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी के आभूषण जप्त किये गये। महिला आरोपी द्वारा यात्रियों की भीड़ का फायदा उठाकर चोरी की वारदातों को अंजाम दिया जाता था। कार्रवाई के दौरान उसके कब्जे से 8 हजार 750 रूपए मूल्य के आभूषण जब्त किये गये।

#### जीआरपी ग्वालियर

जीआरपी ग्वालियर द्वारा ट्रेनों एवं रेलवे स्टेशन क्षेत्र में जेवरात एवं नगदी चोरी करने वाले गिरोह के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए विभिन्न प्रकरणों में संलिप्त आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों द्वारा अलग-अलग ट्रेनों में यात्रियों के पर्स, नगदी एवं सोने-चांदी के आभूषण चोरी करने की घटनाओं को अंजाम दिया गया था। लगातार निगरानी, मुखबिर सूचना एवं तकनीकी विश्लेषण के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपियों के कब्जे से चोरी गये सोने-चांदी के आभूषण एवं नगदी सहित लगभग 7 लाख 30 हजार रूपये की संपत्ति जब्त की है।

#### जीआरपी इंदौर

जीआरपी इंदौर ने रेलवे स्टेशन इंदौर से ट्रॉली बैग चोरी का मात्र 24 घंटे के भीतर खुलासा करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से लगभग 2 लाख 82 हजार रूपये की संपत्ति जब्त की है।

इसके अतिरिक्त जीआरपी इंदौर ने ईमानदारी, संवेदनशीलता एवं तत्परता का परिचय देते हुए ट्रेन में छूटे लगभग 8 लाख 50 हजार रूपए मूल्य के जेवरों से भरे बैग को कुछ ही घंटों में सुरक्षित खोजकर संबंधित यात्री के सुपुर्द किया। जीआरपी की इस सराहनीय कार्रवाई से यात्रियों में सुरक्षा एवं विश्वास की भावना और अधिक मजबूत हुई है। यह कार्रवाई रेल पुलिस की जनसेवा, जिम्मेदारी एवं मानवता के प्रति प्रतिबद्धता का उत्कृष्ट उदाहरण है।

# सभी नागरिक क्यूआर कोड स्कैन कर स्वच्छता सर्वेक्षण फीडबैक में करें सहभागिता: आयुक्त श्री भोंडवे

### म.प्र. में नागरिकों ने सर्वेक्षण में दर्ज कराए 19 लाख से अधिक फीडबैक

**भोपाल।** नगरीय विकास एवं आवास आयुक्त श्री संकेत भोंडवे ने कहा है कि स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) के अंतर्गत आयोजित होने वाले विश्व के सबसे बड़े स्वच्छता सर्वेक्षण 2025-26 में मध्यप्रदेश अपनी संकल्पबद्धता और जन-सहयोग के अनूठे संगम के साथ अग्रणी भूमिका निभा रहा है। प्रदेश के कुल 406 नगरीय निकायों में स्वच्छता के प्रति जो उत्साह और चेतना जाग्रत हुई है, उसका प्रत्यक्ष प्रमाण नागरिकों द्वारा अब तक दर्ज कराए गए 19 लाख से अधिक फीडबैक हैं। यह संख्या न केवल नागरिकों की अपनी शहर की स्वच्छता के प्रति सजगता को दर्शाती है, बल्कि यह प्रदेश की उस सामूहिकता का भी परिचायक है जो मध्यप्रदेश को स्वच्छता के शिखर पर बनाए रखने के लिए तत्पर है। विभाग द्वारा इस विशाल जन-समर्थन को एक सकारात्मक संकेत के रूप में देखा जा रहा है, जो आगामी रैंकिंग में प्रदेश के शहरों की स्थिति को और अधिक सुदृढ़ बनाने में सहायक सिद्ध होगा। नागरिकों से अनुरोध है कि वे उपरोक्त दिये गये क्यूआर कोड को स्कैन कर स्वच्छता सर्वेक्षण 2025-26 में अपना फीडबैक दर्ज करे।

स्वच्छता सर्वेक्षण 2025-26 के सर्वेक्षण की सबसे अभिनव और क्रांतिकारी विशेषता इसकी मूल्यांकन प्रणाली में किया गया मूलभूत परिवर्तन है, जिसमें %नागरिक फीडबैक% और %जन-शिकायत निवारण% (ग्रीवांस रिड्रेसल) को मुख्य आधार बनाया गया है। पूर्ववर्ती सर्वेक्षणों की तुलना में इस बार रैंकिंग की गणना में नागरिकों की प्रतिक्रिया और उनकी शिकायतों के त्वरित व प्रभावी समाधान को अत्यधिक महत्व और वेटेज प्रदान किया गया है। इससे स्वच्छता के प्रबंधन को केवल प्रशासनिक सक्रियता तक सीमित न रखकर इसे पूर्णतः नागरिक-केंद्रित बनाना है। अब शहरों की सफलता का पैमाना केवल कागजी आंकड़े नहीं, बल्कि धरातल पर नागरिकों का संतुष्टि स्तर और उनकी समस्याओं के निराकरण की गतिशीलता होगी।

मध्यप्रदेश के 406 नगरों में नवीन व्यवस्था के अनुरूप कार्य योजना तैयार की गई है, जिसमें अपशिष्ट प्रबंधन और दृश्य स्वच्छता के साथ नागरिक संवाद को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। राज्य सरकार और नगरीय प्रशासन विभाग का निरंतर प्रयास है कि स्वच्छता के इस महाभियान में तकनीक और पारदर्शिता का समावेश कर हर नागरिक को इस प्रक्रिया का एक सक्रिय हिस्सा बनाया जाए। अब तक 19 लाख से अधिक नागरिकों का इस प्रक्रिया में सम्मिलित होना इस बात की पुष्टि करता है कि मध्यप्रदेश के नगर स्वच्छता के संस्कार से ओतप्रोत आधुनिक केंद्रों के रूप में विकसित हो रहे हैं। प्रशासन आगामी चरणों में भी इसी पारदर्शिता और जन-संवाद की नीति पर चलते हुए प्रदेश को स्वच्छता के क्षेत्र में पुनः कीर्तिमान स्थापित करने की दिशा में अग्रसर है।

# बच्चों का सर्वांगीण विकास ही विकसित मध्यप्रदेश @2047 की आधारशिला: मंत्री सुश्री भूरिया

### परिणामोन्मुखी चाइल्ड बजटिंग कार्यशाला में योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और विभागीय समन्वय पर दिया जोर

**भोपाल।** महिला एवं बाल विकास मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया ने कहा है कि मध्यप्रदेश के बच्चों का सर्वांगीण विकास ही राज्य के सतत और समावेशी विकास की आधारशिला बनेगी। मंत्री सुश्री भूरिया बुधवार को होटल कोर्टयार्ड मैरियट में महिला एवं बाल विकास विभाग तथा यूनिसेफ के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित %चाइल्ड बजटिंग इन मध्यप्रदेश% विषयक प्रशिक्षण कार्यशाला को संबोधित कर रही थीं।



#### बजट 2026-27- बच्चों के लिए रिकॉर्ड आवंटन

मंत्री सुश्री भूरिया ने बताया कि वर्ष 2026-27 के राज्य बजट में बच्चों के सर्वांगीण विकास के प्रति सरकार की अटूट प्रतिबद्धता दिखती है। उन्होंने मुख्य वित्तीय प्रावधानों को साझा करते हुए कहा कि बजट में इस वर्ष 26 प्रतिशत की ऐतिहासिक वृद्धि की गई है।स्वास्थ्य और पोषण के क्षेत्र में 23 हजार 747 करोड़ रूपये का प्रावधान किया गया है, जिसमें %पोषण 2.0% जैसी महत्वपूर्ण योजनाएं शामिल हैं। राज्य के कुल व्यय का 13.7 प्रतिशत हिस्सा शिक्षा पर व्यय के लिये आवंटित किया गया है।

#### 19 विभागों के बीच समन्वय की आवश्यकता

मंत्री सुश्री भूरिया ने स्पष्ट किया कि बच्चों का विकास केवल संबंधित बाल विकास विभाग की जिम्मेदारी नहीं है। उन्होंने कहा चाइल्ड बजट स्टेटमेंट में अब 19 विभागों को शामिल किया गया है। स्वास्थ्य, शिक्षा, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, जनजातीय कार्य और सामाजिक न्याय जैसे सभी विभागों को एक निर्धारित लक्ष्य अनुसार मिलकर काम करना होगा। विभागों के बीच जब बेहतर समन्वय होगा, तभी बजट का वास्तविक लाभ धरातल पर दिखेगा।

#### जिलों की विशिष्ट आवश्यकताओं पर ध्यान

मंत्री सुश्री भूरिया ने प्रदेश के 55 जिलों की विविधता का उल्लेख करते हुए कहा कि हर जिले में बच्चों की आवश्यकताएं अलग हो सकती हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे स्थानीय आवश्यकताओं को समझें और उसी के अनुरूप कार्य योजना बनाएं।

#### 3 करोड़ बच्चे हमारी सबसे बड़ी जिम्मेदारी: आयुक्त सुश्री निधि निवेदिता

महिला एवं बाल विकास आयुक्त सुश्री निधि निवेदिता ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए कि राज्य की लगभग 40 प्रतिशत आबादी 3 करोड़ बच्चे हैं। उन्होंने कहा कि चाइल्ड बजट की रिपोर्टिंग को अधिक वैज्ञानिक और पारदर्शी बनाना अनिवार्य है।विभागों को केवल आंकड़ों पर नहीं, बल्कि साक्ष्यों पर ध्यान देना होगा कि उनकी योजनाओं का वास्तविक लाभ बच्चों तक कैसे पहुँच रहा है।

#### 5 वर्षों की सफलता और इक्विटी पर जोर: विलियम हैनलोन जूनियर

यूनिसेफ मध्यप्रदेश के चीफ फील्ड स्टॉफ, श्री विलियम हैनलोन ने कहा कि मध्यप्रदेश चाइल्ड बजटिंग के 5 सफल वर्ष पूरे कर चुका है और यह केवल खर्च की रिपोर्टिंग से आगे बढ़कर परिणाम-आधारित% बजटिंग की ओर बढ़ रहा है। मध्यप्रदेश की अधिकांश जनजातीय आबादी को देखते हुए बजट में लिंग और भौगोलिक स्थिति के आधार पर समानता का ध्यान रखा जाना चाहिए।

### उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा ने त्यागी पायलट और फॉलो वाहन सुविधा

**भोपाल।** प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के आहवान पर राष्ट्रहित में उप मुख्यमंत्री श्री जगदीश देवड़ा ने एक बड़ा निर्णय लिया है। उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा ने अपने कारकेड में उपलबध कराई गई फॉलो एवं पायलट वाहन सुविधामय स्टाफ सहित तत्काल लौटा दिया है। उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी की अपील केवल एक सुझाव नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण का एक महत्वपूर्ण मंत्र है। उन्होंने जोर देते हुए कहा 卐पेट्रोलियम ईंधनों की बचत आज की अनिवार्य आवश्यकता है। यह न केवल सरकारी खजाने पर बोझ कम करेगा, बल्कि पर्यावरण संरक्षण और आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य के लिए भी अत्यंत आवश्यक है।

### प्रधानमंत्री श्री मोदी की अपील के अनुक्रम में उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने काफिले से हटाई फॉलो एवं पायलट सुविधा

**भोपाल।** प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा देश की ऊर्जा सुरक्षा को सुदृढ़ बनाने और पेट्रोलियम ईंधनों के किफायती एवं विवेकपूर्ण उपयोग के संबंध में की गई अपील के अनुक्रम में उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने उनके काफिले के लिये उपलब्ध कराई गई फॉलो एवं पायलट वाहन सुविधा, संबंधित स्टाफ सहित, वापस कर दी है। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी ने ऊर्जा संरक्षण एवं सुरक्षा के दृष्टिगत नागरिकों से ईंधन की बचत को जन आंदोलन बनाने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि पेट्रोलियम ईंधनों की बचत केवल आर्थिक दृष्टि से ही नहीं, बल्कि भावी पीढ़ियों के हित, पर्यावरण संरक्षण एवं राष्ट्रहित से जुड़ा विषय है। सरकार जनहित में संसाधनों के सर्वोत्तम एवं जिम्मेदार उपयोग के लिए सतत प्रतिबद्ध है।

# कबीरा ब्रांड में खादी का विस्तार- परिधान से लेकर घरेलू साज-सज्जा तक की पूरी रेंज उपलब्ध

### बंधन रिश्तों का बना खादी का नया संदेश: राज्यमंत्री जायसवाल

### कॉटन साड़ी से ऊनी कंबल तक, 20 से ज्यादा उत्पादों के साथ खादी दे रही पर्यावरण-मित्र विकल्प

**भोपाल।** कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री दिलीप जायसवाल ने कहा है कि म.प्र. खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड ने 卐खादी बंधन रिश्तों का卐 थीम के साथ कबीरा ब्रांड को परंपरा और आधुनिकता का संगम बनाया है।

#### परिधान से लेकर घरेलू साज-सज्जा तक की पूरी रेंज

राज्यमंत्री श्री जायसवाल ने बताया कि फरवरी 2015 में शुरू हुए कबीरा ब्रांड में खादी का दायरा अब केवल वस्त्रों तक सीमित नहीं है। परिधान से लेकर घरेलू साज-सज्जा तक की पूरी रेंज अब ग्राहकों के लिए उपलब्ध है। कबीरा रेंज में कॉटन साड़ियाँ, मुलबरी सिल्क साड़ियाँ, लेडीज़-जेंट्स जैकेट, कुर्ती, सूट, शॉल, कुर्ता, शर्ट्स, तौलिया, बेडशीट, तकिया कवर, दरी, ऊनी कंबल और कॉटन, मलमल, सिल्क रनिंग ड्रेस मटेरियल शामिल हैं।

#### भाई-बहन के प्रेम का प्रतीक है खादी

राज्यमंत्री श्री जायसवाल ने कहा कि खादी उन चुनिंदा बहुमुखी वस्त्रों में से है जो जैविक एवं पर्यावरण-मित्र होने के साथ विशेष भावना भी जागृत करती है। खादी भाई-बहन के शाश्वत प्रेम का प्रतीक भी है। प्रेम और संबंधों के त्योहारों, विशेषकर रक्षाबंधन जैसे पर्वों पर खादी का प्रयोग हमारे सांस्कृतिक गौरव का परिचायक है। यही कारण है कि खादी का बंधन अटूट है और यह हमेशा रिश्तों को जोड़ता है। रक्षाबंधन पर खादी राखियों और उपहारों की मांग हर वर्ष बढ़ रही है।

#### परिधान और होम फर्निशिंग में खादी की धूम

राज्यमंत्री श्री जायसवाल ने बताया कि अत्याधुनिक डिज़ाइनों के कारण परिधान और होम फर्निशिंग में खादी की धूम है। कबीरा रेंज में 20 से ज्यादा उत्पादों के साथ खादी गर्मी में ठंडा और सर्दी में गर्म अहसास देने वाला वातानुकूलित वस्त्र भी है। इसी वजह से यह दैनिक जीवन, उत्सवों और औपचारिक अवसरों के लिए आदर्श बन गई है।

स्वामी **निष्ठावान एडवरटाइजर्स एण्ड मीडिया प्रा.लि.**, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक श्रीमती रीता सिंह द्वारा प्रदेश वॉच मीडिया ग्रुप, 11, प्रेस कॉम्प्लेक्स, एम.पी. नगर-462023 भोपाल, म.प्र. से मुद्रित एवं फ्लैट नंबर 601, ए-2, फॉर्चून कस्तूरी, होशंगाबाद रोड, भोपाल-11 (म.प्र.) से प्रकाशित।
***स्थानीय संपादक: ज्ञान सिंह बघेल।** पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन हेतु जिम्मेदार (सभी विवादों का न्यायालय क्षेत्र भोपाल रहेगा।), फोन: 9131883521, ई-मेल: janjanjagran@gmail.com **आर.एन.आई.नं. 58842/94**